CMYK

www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...
छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक
संपर्क करें : bilaspurdeshbandhu@gmail.com

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

बिलासपुर, बुधवार, 13 दिसम्बर 2023 | वर्ष – 33 | अंक –224 | पृष्ठ –12 | मूल्य – 4.00 रु.




CMYK



**श्री नरेन्द्र मोदी**
माननीय प्रधानमंत्री
भारत सरकार

# हमने बनाया है
# हम ही संवारेंगे



**श्री विष्णु देव साय**
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

## छत्तीसगढ़ के लिए
## प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की
# गारंटी

### कृषक उन्नति योजना

हम "कृषक उन्नति योजना" की शुरुआत करेंगे, जिसके अंतर्गतः

- 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान की खरीदी ₹ 3,100 में की जाएगी।
- किसानों का पैसा बिना लम्बी कतारों के एक ही किस्त में पूरा भुगतान सुनिश्चित करने के लिए हर पंचायत भवन में बैंकों के नकदी आहरण काउंटर स्थापित करेंगे।
- प्रदेश में धान खरीद से पहले ही बारदाने की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी।

### महतारी वन्दन योजना

हम 'महतारी वन्दन योजना' की शुरुआत कर प्रदेश की प्रत्येक विवाहित महिला को ₹ 12,000 की वार्षिक वित्तीय सहायता प्रदान करेंगे।

### 18 लाख प्रधानमंत्री आवास एवं घर-घर निर्मल जल अभियान

हम अपनी पहली 'कैबिनेट बैठक' में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लंबित 18 लाख घरों का निर्माण पूरा करने के लिए धन-राशि का आवंटन करेंगे एवं 2 साल के अंदर छत्तीसगढ़ के प्रत्येक घर में पीने का पानी उपलब्ध करवाएंगे।

### बोनस की गारंटी

सुशासन दिवस के अवसर पर 25 दिसंबर 2023 को किसान भाइयों को मिलेगा 2 वर्ष का बकाया धान बोनस

### पी.एस.सी. परीक्षा में पारदर्शिता

हम राज्य में सभी प्रमुख परीक्षाओं की प्रक्रिया को UPSC की तर्ज पर सुव्यवस्थित करेंगे, ताकि भविष्य में सभी शासकीय भर्ती परीक्षाओं में पारदर्शिता का समावेश हो।

# विकसित भारत - विकसित छत्तीसगढ़

# नयी सुबह, नयी सोच

## अब होगा विकसित और समृद्ध छत्तीसगढ़ का निर्माण


**सबका साथ - सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास**

छत्तीसगढ़ जनसंपर्क

www.deshbandhu.co.in ख़बरें लगातार ...
छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक
संपर्क करें : bilaspurdeshbandhu@gmail.com

पत्र नहीं मित्र
# देशबन्धु

बिलासपुर, बुधवार, 13 दिसम्बर 2023 । वर्ष – 33 । अंक –224 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु.



बिलासपुर, बुधवार 13 दिसम्बर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# इस चेतावनी को सुनना होगा

मंगलवार को संसद भवन के बाहर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने पत्रकारों से चर्चा में दो-तीन मार्के की बातें कही हैं, जिन पर गौर फरमाया जाना चाहिए। राहुल गांधी ने पत्रकारों के जरिए एक बार फिर आम जनता के लिए संदेश दिया है कि कांग्रेस आने वाले वक्त में भी जाति जनगणना के मुद्दे को उठाती रहेगी। श्री गांधी ने कहा कि मूल मुद्दा जाति आधारित जनगणना है और लोगों का पैसा किसे मिल रहा है? वे (भाजपा) इस मुद्दे पर चर्चा नहीं करना चाहते हैं, वे इससे दूर भागते हैं। हम इस मुद्दे को आगे बढ़ाएंगे और सुनिश्चित करेंगे कि गरीबों को वह मिलता है जिसके वे हकदार हैं। गौरतलब है कि हाल में संपन्न पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में लगभग हर रैली में राहुल गांधी ने जाति जनगणना की बात की थी और साथ ही दावा किया था कि कांग्रेस की सरकार आने पर वह इसे अमल में लाएगी। तेलंगाना के अलावा कांग्रेस को किसी राज्य में जीत नहीं मिली, बल्कि उम्मीद के विपरीत मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान भाजपा के पास चले गए। भाजपा जातिगत जनगणना के मुद्दे से बचती रही है, बल्कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तो यहां तक कह दिया था कि इस देश में केवल गरीबी ही जाति है और कोई जाति नहीं है। लेकिन जिस तरह छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश में क्रमश: विष्णु देव साय और मोहन यादव को मुख्यमंत्री पद दिया गया है, उससे दिखाई दे रहा है कि भाजपा को अंतत: राहुल गांधी की लीक पर ही चलना पड़ा है। भाजपा इस बात को मानती है या नहीं, ये अलग बात है।

संसद के बाहर राहुल गांधी ने दूसरी महत्वपूर्ण बात पं.नेहरू को लेकर फैलाए जा रहे भ्रम पर की। गृहमंत्री अमित शाह ने पहले लोकसभा में और फिर सोमवार को राज्यसभा में भी जम्मू-कश्मीर को लेकर पं. नेहरू को निशाने पर लिया और उन पर गलतियों का ठीकरा फोड़ा। इसके बाद देश में इसी बात पर चर्चा होने लगी कि आजादी के बाद जब जम्मू-कश्मीर का विलय देश में हुआ और पाकिस्तानी कबाइलियों को भारतीय सेना ने हरा कर भगा दिया, उस वक्त और क्या-क्या हुआ था, तब किस तरह के हालात थे। उस बारे में माउंटबेटन से लेकर सरदार पटेल और नेहरू से लेकर शेख अब्दुल्ला और राजा हरिसिंह की क्या भूमिकाएं थीं। किसकी गलती थी, किसकी नहीं, इस पर नयी बहस शुरु हो गई। ऐसी बहसें अगर स्वस्थ मानसिकता और निष्पक्षता से की जाएं, तब तो इनका लाभ है। मगर इस समय बहस नहीं होती, केवल दोषारोपण होता है और उसमें भी नेहरूजी पर ही लक्ष्य साधा जाता है। इन हालात में राहुल गांधी ने साफ कहा कि वे हमें इस मुद्दे (जाति जनगणना) से भटकाने के लिए जवाहरलाल नेहरू और अन्य के बारे में बात करते हैं। राहुल गांधी ने एक बार फिर भाजपा की नब्ज बिल्कुल सही जगह पर पकड़ी है। देश में इस वक्त जाति जनगणना वाकई एक बड़ा मुद्दा है, क्योंकि इसके जरिए ही सामाजिक न्याय के मकसद को पूरा किया जा सकता है। जब सामाजिक न्याय के लिए माहौल बनेगा, तब आर्थिक न्याय की प्रक्रिया भी अपने आप शुरु हो सकेगी। दरअसल ये सारी बातें एक-दूसरे पर ही आश्रित हैं और इसलिए राजनैतिक विमर्श में इनका केंद्र में रहना जरूरी है। संसद सत्रों के तमाम दिनों में इन पर अधिक से अधिक विचार-विमर्श होना चाहिए। लेकिन अभी आलम ये है कि संसद में की जा रही विवादास्पद बातें ही सुर्खियां बनती हैं। 140 करोड़ लोगों के लिए नियम-कानून बनाते वक्त सरकार कितनी देर और कितनी गंभीरता से विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करती है, इसकी कोई खबर ही आम जनता को नहीं हो पाती। जब कोई कानून बन जाता है या रद्द हो जाता है, तभी लोगों को पता चलता है। ये बात लोकतंत्र के लिए बिल्कुल अच्छी नहीं है। इसलिए राहुल गांधी ने ध्यान भटकाने वाली जो बात कही है, वो सटीक है।

राहुल गांधी ने तीसरी टिप्पणी इतिहास में नेहरूजी की भूमिका को लेकर की। दरअसल पं.नेहरू पर राज्यसभा में अमित शाह ने कहा कि अगर असमय सीजफायर नहीं होता, तो आज पाक ऑक्यूपाइड कश्मीर नहीं होता। हमारी सेना जीत रही थी वो भाग रहे थे। नेहरू दो दिन रुक जाते तो पूरा पाक ऑक्यूपाइड कश्मीर तिरंगे के तले आ जाता। इतिहास के एक बेहद जटिल मुद्दे का यह अतिसरलीकरण है कि अगर दो दिन का इंतजार किया जाता तो आज पीओके ही नहीं होता। जिन नेहरू की बुद्धिमत्ता और दूरदर्शिता का लोहा दुनिया के बड़े नेता मानते रहे हैं, उन्हें भाजपा आला दर्जे के मूर्ख नेता की तरह प्रस्तुत कर रही है, और लोगों को यह बता रही है कि देश की समस्याओं के नेहरू जिम्मेदार हैं। राहुल गांधी ने अमित शाह की इस टिप्पणी पर कहा कि 'पंडित नेहरू ने भारत के लिए अपनी जान दे दी, वह वर्षों तक जेल में रहे। अमित शाह इतिहास से अनजान हैं। मैं उनसे इतिहास जानने की उम्मीद नहीं कर सकता, उन्हें इसे दोबारा लिखने की आदत है...।'

राहुल ने यहां बहुत गहरी बात कही है। क्योंकि तथ्यों को नजरंदाज करते हुए इतिहास को दोबारा लिखने की कोशिश वही करते हैं, जो बिना योगदान के अपने लिए श्रेय की तलाश में रहते हैं। भाजपा के पूर्वजों का भारतीय स्वाधीनता संग्राम में कोई योगदान नहीं था, ये सब जानते हैं और लोग अब ये भी देख रहे हैं कि भाजपा के दस सालों के दीर्घ शासन में देश कैसी समस्याओं से घिर चुका है। इनमें सबसे बड़ी समस्या लोकतंत्र को बचाने की है। अनुच्छेद 370 के हटाने पर सुप्रीम कोर्ट से आए फैसले के बाद अमित शाह ने संसद में विपक्ष को चेतावनी दी कि लौट आइए, नहीं तो जितने हो, उतने भी नहीं बचोगे। यह अपने आप में एक अलोकतांत्रिक टिप्पणी है। क्योंकि विरोध करना विपक्ष का धर्म है। इसी तरह शिवसेना सांसद संजय राउत पर प्रधानमंत्री के खिलाफ लेख लिखने पर एफआईआर दर्ज होना, या जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में छात्रों को धरना देने पर 20 हजार और राष्ट्र विरोधी नारे लगाने पर 10 हजार रुपये के जुर्माने का फरमान जारी करना, सभी लोकतंत्र के खत्म होते जाने की चेतावनी है।

राहुल गांधी इस चेतावनी को बार-बार दोहरा रहे हैं, देखना है कि जनता इसे सुनती है या नहीं।

# क्या कारगर होंगे भाजपा के नये-पुराने हथियार?

जैसे-जैसे लोकसभा के चुनाव नज़दीक आ रहे हैं, भारतीय जनता पार्टी अपने शस्त्रागार में हथियार एकत्र कर रही है। इनमें से कुछ तो उसके पुराने हैं, कुछ नये। पुराने शस्त्रों को सहेजकर रखते हुए उसने हाल के सियासी घटनाक्रम से कई नये हथियार भी एकत्र किये हैं। आने वाले समय में उसके पास कुछ और शस्त्र उपलब्ध हो जायेंगे। देखना होगा कि इनके जवाब में मुख्य प्रतिद्वंद्वी दल कांग्रेस और संयुक्त प्रतिपक्ष 'इंडिया' किस तरह से अपनी रणनीति बनाता है। सम्भव है कि जिस प्रकार से इंडिया मजबूत हो रहा है, उसके चलते भाजपा बहुआयामी रणनीति बना रही है क्योंकि उसे अगले चुनाव (लोकसभा) में अनेक दलों से विभिन्न मुद्दों पर चुनाव लड़ना होगा। इस लड़ाई में अगर कांग्रेस को बने रहना है तो उसे भाजपा के पुराने के साथ नये संग्रहित हथियारों की काट अभी से ढूंढनी होगी। उसका 'एक के खिलाफ केवल एक प्रत्याशी' का जो फार्मूला इंडिया के सहयोग से बन रहा है, वह तो काम करेगा ही, प्रभावशाली विमर्श ही गठबन्धन को चुनाव के पूर्व और पश्चात बांधे रखेगा।

भाजपा का पुराना अस्त्र कहें या शस्त्र क्या है, तो नि:संदेह वह ध्रुवीकरण है। इस साल के मध्य में कर्नाटक विधानसभा के हुए चुनाव में उसे मिली हार से एकबारगी यूं प्रतीत हो रहा था कि वह इसका आगे उपयोग नहीं करेगी, लेकिन हाल ही में समाप्त हुए पांच राज्यों के चुनावों में से कम से कम राजस्थान व छत्तीसगढ़ में तो उसका साम्प्रदायिकता का कार्ड सफल होता दिखा है। साजा विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस के कद्दावर नेता रवींद्र चौबे को ईश्वर साहू द्वारा परास्त करना बतलाता है कि उसका दांव कारगर साबित हुआ है। ईश्वर साहू के पुत्र भुनेश्वर को साम्प्रदायिक झगड़े में मार डाला गया था। ऐसे ही, कवर्धा विधानसभा क्षेत्र से कद्दावर नेता मोहम्मद अकबर को हराने वाले विजय शर्मा को उपमुख्यमंत्री बनाना इस बात का इशारा है कि भाजपा की चुनावी रणनीति अब भी इस पर बड़े तौर पर आश्रित है। 2018 का चुनाव 60 हजार वोटों से जीतने वाले अकबर का 40 हजार मतों से हारने का अर्थ है कि भाजपा का ध्रुवीकरण का हथियार अब भी धारदार है। राजस्थान में भी भाजपा ने कन्हैयालाल दर्जी की हत्या को निर्णायक बना दिया जिसके आगे अशोक गहलोत के जमीनी मुद्दे धराशायी हो गये। यहां बाबा बालकनाथ, बालमुकुंद आचार्य समेत चार संन्यासी चुनाव जीते हैं। साम्प्रदायिकता के विमर्श को ये साधुगण कैसे आगे बढ़ाएंगे, इसकी एक बानगी आचार्य अपने क्षेत्र हवामहल में नॉन वेज के ठेले व दुकानों को बन्द कराकर दिखला चुके हैं।


जातिगत जनगणना के जरिये कांग्रेस के राहुल गांधी व जनता दल यूनाईटेड के नीतीश कुमार ने जो सामाजिक न्याय का विमर्श बढ़ाया है; और जिसे वे और बड़ा मुद्दा बना रहे हैं, उसे खेलने की शुरुआत भाजपा ने कर दी है। पहले छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के ओबीसी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के खिलाफ भाजपा द्वारा अपने ओबीसी राज्य अध्यक्ष अरूण साव का चेहरा लाया गया और हवा बनाई गई कि अगर पार्टी जीतती है तो उन्हें सीएम बनाया जा सकता है। ऐसे ही, अमित शाह ने रायगढ़ के प्रत्याशी पूर्व आईएएस ओपी चौधरी को भी बड़ा ओहदा देने का संदेश उनके मतदाताओं को दिया था। वे भी ओबीसी से आते हैं। देखना यह होगा कि उन्हें कौन सा बड़ा पद मिलेगा। उधर मध्यप्रदेश में तो भाजपा ने डॉ. मोहन यादव को ही सीएम बना दिया है। यह एक तरह से संकेत हैं कि पार्टी ओबीसी कार्ड खेल रही है। यह अलग बात है कि यादव कभी भी ओबीसी नेता के रूप में स्थापित नहीं रहे, न ही मान्य।

मोदी की गारंटियों की चर्चा भी विधानसभा के इन चुनावों में बहुत हुई है। छत्तीसगढ़ में मतदाताओं ने कांग्रेस की किसानों को कर्ज माफी की बजाय उस पार्टी को चुना जो इस मामले में मौन है। धान के 3200 रुपए प्रति क्विंटल की जगह उसे भाजपा का 3100 रुपए का मूल्य पसंद आया है। ऐसे ही, उन्हें कांग्रेस की केजी से पीजी तक की लड़कियों को मुफ्त शिक्षा योजना के स्थान पर भाजपा की केवल पीजी की मुफ्त शिक्षा अधिक भायी। विवाहित महिलाओं को कांग्रेस 15 हजार रुपए सालाना देना चाहती थी पर वोटरों को भाजपा के वार्षिक 12 हजार रुपए अधिक लगे। उधर राजस्थान की 50 लाख तक की चिरंजीवी मुफ्त चिकित्सा योजना को उसने नकार दिया और भाजपा को तरज़ीह दी। वैसे भाजपा ने अन्य कई घोषणाएं की हैं, खासकर सस्ते गैस सिलेंडर व पीजी पढ़ने वाली लड़कियों को मुफ्त स्कूटी। मध्यप्रदेश में शिवराज चौहान की लाडली बहन योजना भी चर्चित रही। यह दीगर बात है कि मोदी ने वहां की अपनी सभाओं में उसका ज़िक्र तक नहीं किया। देखना होगा कि जिन वादों, गारंटियों व आश्वासनों के बल पर भाजपा ने तीन राज्य जीते हैं उन पर कितना अमल होता है। लोकसभा चुनाव में उनके नामों पर भाजपा तभी अपनी छाती ठोंक सकेगी जब इस अल्पावधि में उन पर प्रभावशाली अमल होगा।

अगर इस पर चर्चा करें कि आने वाले समय में भाजपा के तरकश में कौन से नये तीर रखे जा सकते हैं, तो कहा जा सकता है कि मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट द्वारा जम्मू-कश्मीर के मसले पर सरकार के पक्ष में दिये गये फैसले का वह लाभ लेने की कोशिश करेगी। शीर्ष कोर्ट की पांच सदस्यीय पीठ ने अनुच्छेद 370 को समाप्त करने वाले केन्द्र के निर्णय को सही ठहराया। इसे भाजपा सरकार अपनी तथा अप्रत्यक्ष रूप से हिन्दुवादी विचारों की बड़ी जीत बता रही है। आश्चर्य नहीं होना चाहिये अगर इस फैसले का फायदा लेने का पूरा वह पूरा कार्यक्रम ही बना डाले। इसके अलावा जिस मुद्दे का वह सर्वाधिक लाभ लेने की तैयारी करती हुई दिख रही है, वह है अयोध्या का नवनिर्मित राममंदिर। इसका उद्घाटन स्वयं मोदी 22 जनवरी, 2024 को करने जा रहे हैं। इसका निमंत्रण देश के हर घर तक पहुंचाने की तैयारी चल रही है।

अब सवाल यह बनता है कि क्या इस बहुकोणीय नीति का भाजपा को लाभ मिलेगा? सम्भव है कि हिन्दी पट्टी में उसके वोट बैंक पर कुछ असर पड़े। विशेषकर, जो लोग मोदी सरकार प्रदत्त महंगाई, बेरोजगारी, प्रशासनिक नाकामियों के चलते उससे छिटक रहे हैं, वे फिर से भाजपा के समर्थन में आ सकते हैं। इसकी काट कांग्रेस समेत इंडिया के पास यह होगा कि उसके मतों का इस बार वैसा विभाजन नहीं होगा जैसा कि अब तक होता आया है। अभी तेलंगाना और कुछ अर्सा पहले कर्नाटक हारने के बाद दक्षिण में भाजपा के दरवाजे बन्द हो चले हैं। मणिपुर की घटनाओं के बाद पूर्वोत्तर में वह बेहद अलोकप्रिय हो गई है। यह भी याद रखना होगा कि भाजपा का प्रचार अभियान पूर्णत: मोदी पर निर्भर है। देखना होगा कि बचे चार-पांच माह में वे देश के कितने हिस्सों दौरा कर सकेंगे। दूसरी तरफ उनके खिलाफ विभिन्न नेता राष्ट्रीय स्तर पर या अपने-अपने राज्यों में बड़े चेहरे हैं जो पहले भी मोदी-भाजपा को निष्प्रभावी कर चुके हैं। सबसे केवल दो लोगों को लड़ना है- मोदी व शाह। अंतिम बात, तीन राज्य हारकर भी कांग्रेस हतोत्साहित नहीं है क्योंकि इन चुनावों में उसने 40 प्रतिशत वोट हासिल किये हैं जो भाजपा से करीब 10 लाख ज्यादा हैं। 19 दिसम्बर को दिल्ली में इंडिया के सहयोगी दल मिल रहे हैं। देखना होगा कि वे किस तरह से अपनी रणनीति को अंतिम रूप देते हैं।

**(लेखक देशबन्धु के राजनीतिक सम्पादक हैं)**



डॉ. दीपक पाचपोर

> **जातिगत जनगणना के जरिये कांग्रेस के राहुल गांधी व जनता दल यूनाईटेड के नीतीश कुमार ने जो सामाजिक न्याय का विमर्श बढ़ाया है; और जिसे वे और बड़ा मुद्दा बना रहे हैं, उसे खेलने की शुरुआत भाजपा ने कर दी है। पहले छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के ओबीसी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के खिलाफ भाजपा द्वारा अपने ओबीसी राज्य अध्यक्ष अरूण साव का चेहरा लाया गया और हवा बनाई गई कि अगर पार्टी जीतती है तो उन्हें सीएम बनाया जा सकता है।**

# भगवा से मुकाबला के लिए इंडिया गठबंधन को चाहिए एक अधिक आकर्षक आख्यान

■ कल्याणी शंकर

पांच राज्यों के चुनाव संपन्न होने के बाद सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी और विपक्ष 2024 के लोकसभा चुनाव की तैयारी में लग गये हैं। भाजपा हिंदी पट्टी में अपना गढ़ बनाये रखने को लेकर आश्वस्त है और विपक्ष उन्हें प्रभावी ढंग से चुनौती देने में विफल रहा है। नवंबर में हुए चुनावों में राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में भजपा ने जीत हासिल कर ली है।

भाजपा भारत में एक प्रमुख राजनीतिक शक्ति बन गई है। पार्टी ने अपनी पहुंच का विस्तार किया है और वर्तमान में 18 राज्यों में सत्ता पर काबिज है। यह इसके दृढ़ नेतृत्व, सुव्यवस्थित संरचना, विशाल संसाधनों और प्रभावी संचार के कारण है। इसके अलावा, भारतीय राजनीति में दक्षिणपंथ की ओर एक महत्वपूर्ण बदलाव आया है। नरेंद्र मोदी और अन्य विपक्षी नेताओं की लोकप्रियता रेटिंग में काफी अंतर है। पार्टी का नया नारा है- 'नई गति, नई प्रतिज्ञा।'

पिछले दस वर्षों में, नरेंद्र मोदी ने भाजपा की हिंदू राष्ट्रवाद की मूल अवधारणा को प्रभावी ढंग से बढ़ावा दिया है। पार्टी ने मतदाताओं को जीतने के लिए नकद हस्तांतरण, मुफ्त राशन और किफायती गैस सिलेंडर जैसी कल्याणकारी योजनाएं लागू की हैं। एक और महत्वपूर्ण विचार अयोध्या में राम मंदिर का उद्घाटन अगले साल जनवरी में करने की योजना है। उच्च बेरोजगारी, मुद्रास्फीति और मूल्य वृद्धि जैसी चुनौतियों का सामना करने के बावजूद, ये योजनाएं जनता के बीच लोकप्रिय बनी हुई हैं। भाजपा इन्हीं के आधार पर पार्टी के लिए तीसरे कार्यकाल की वकालत कर रही है।

भाजपा को दक्षिणी राज्यों में समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है और पार्टी इन राज्यों में चुनाव जीतने के लिए केवल मोदी के करिश्मे पर निर्भर रहने से परे नयी रणनीति अपना सकती है। केन्द्रीय नेतृत्व पार्टी के भीतर आंतरिक असहमति को दूर करने की कोशिश कर रहा है।

हालांकि, उन्हें एक नया आख्यान बनाने की ज़रूरत है जो दक्षिणी राज्यों के मतदाताओं के साथ प्रतिध्वनित हो। हिंदुत्व और सनातन धर्म की मौजूदा विचारधारा इन राज्यों के लोगों को पसंद नहीं आ रही है। एक ऐसी विचारधारा वाली पार्टी के रूप में यह उत्तर भारत की जरूरतों को पूरा करती है।

अन्य राजनीतिक दलों के विपरीत, द्रविड़ दलों ने दशकों से सामाजिक न्याय को बढ़ावा दिया है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन द्रविड़ प्रशासन मॉडल की बात करते रहे हैं। दक्षिणी क्षेत्र में 543 लोकसभा सीटों में से 131 सीटें हैं। केरल में कई कम्युनिस्ट समर्थक हैं। तमिलनाडु मुख्य रूप से नास्तिक है, और भाजपा का कर्नाटक में कुछ आधार है। हालांकि, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में क्षेत्रीय पार्टियां हैं, जिससे इन राज्यों में भाजपा का समर्थन सीमित है।

विपक्षी इंडिया गठबंधन हाल के चुनावों में कांग्रेस के खराब प्रदर्शन से निराश है। अगर सबसे पुरानी पार्टी कम से कम दो उत्तरी भारतीय राज्यों में जीत हासिल करती तो राहुल गांधी सफल हो सकते थे। कांग्रेस को अगले चुनाव से पहले एक नयी चुनावी रणनीति अपनानी होगी।

मोदी को चुनौती देने के लिए अगले चार महीनों में गैर-भाजपा वोटों के विभाजन को रोकने के लिए विपक्षी दलों को एकजुट होना होगा। पहले कदम के रूप में, उन्हें उन सीटों पर एक ही उम्मीदवार खड़ा करने पर सहमत होना चाहिए जहां भाजपा प्राथमिक दावेदार है। कांग्रेस पार्टी को सफलता की अधिक संभावना वाले निर्वाचन क्षेत्रों को जीतने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। व्यक्तिगत एजेंडों और अहंकारी सत्तारूढ़ पार्टी को हराने को प्राथमिकता देना आवश्यक है।

कांग्रेस को अपने नेतृत्व को अद्यतन करने और पुरानी प्रथाओं को पीछे छोड़ने की जरूरत है। तृणमूल कांग्रेस ने कांग्रेस के खराब प्रदर्शन की आलोचना की और कहा कि भाजपा की जीत कांग्रेस की विफलता का नतीजा है। आंतरिक संघर्षों, कमजोर गठबंधनों और वर्तमान राजनीतिक माहौल की समझ की कमी के कारण कांग्रेस चुनाव हार गई। सुधार के लिए, कांग्रेस को उचित भूमिकाओं के लिए सक्षम व्यक्तियों की भर्ती करनी चाहिए और अपने समर्थकों को प्रेरित करना चाहिए।

राहुल गांधी ने कांग्रेस पार्टी को पुनर्जीवित करने के लिए 4,000 किलोमीटर की भारत जोड़ो यात्रा का नेतृत्व किया। इससे पार्टी को कर्नाटक और तेलंगाना में महत्वपूर्ण जीत हासिल करने में मदद मिली। हालांकि, यात्रा की सफलता मुख्यत: दक्षिण भारत तक ही सीमित थी और उत्तर में इसका कोई प्रभाव नहीं पड़ा।

भाजपा से मुकाबला करने के लिए विपक्ष को अधिक धन की आवश्यकता है। भगवा पार्टी अपने अभियान को टॉप गियर में रखने के लिए अपने धन का उपयोग करती है। पिछले पांच वर्षों में कांग्रेस को रुपए 1,547.43 करोड़ की तुलना में भाजपा को रुपए 10,122.03 करोड़ का राजनीतिक दान मिला। कांग्रेस को कॉर्पोरेट योगदान कम हो गया है जबकि भाजपा को उसका योगदान बढ़ गया है।

हालिया रिपोर्टों के अनुसार, कांग्रेस धन की कमी के कारण अपने चुनाव अभियानों को वित्तपोषित करने के लिए क्राउडफंडिंग पर विचार कर रही है। इसे भजपा के राजनीतिक युद्ध कोष से मुकाबला करने के लिए विशाल धन की आवश्यकता है।

पिछले 20 सालों में भाजपा का लोकसभा चुनाव पर खर्च छह गुना बढ़ गया है, जो पिछले लोकसभा चुनाव में 9 हजार करोड़ रुपये से बढ़कर 55 हजार करोड़ रुपये हो गया है। खर्च का एक तिहाई हिस्सा प्रचार के लिए आबंटित किया जाता है। इसके विपरीत, दूसरा सबसे बड़ा खर्च मतदाताओं को सीधा भुगतान है। मतदाताओं को रिश्वत देने के कई तरीके हैं। फंड और आरएसएस समर्थित संगठन दोनों के मामले में भाजपा को कांग्रेस के मुकाबले बड़ा फायदा है।

सीधे शब्दों में कहें तो भाजपा को दक्षिण के लिए नये सिरे से रणनीति विकसित करने की जरूरत है, जबकि कांग्रेस को उत्तर पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

जहां तक क्षेत्रीय दलों की बात है तो उनकी प्राथमिकता अपने वफादार मतदाता आधार को बनाये रखने की होनी चाहिए। इसके अलावा, मतदाताओं को जीतने के लिए केवल मुफ्त उपहार देना हमेशा पर्याप्त नहीं होता है। उनका विश्वास और समर्थन अर्जित करने के लिए और अधिक प्रयास करना आवश्यक है।

भारत की लोकतांत्रिक यात्रा एक बड़ी उपलब्धि है जिसकी शायद ही कोई मिसाल हो। अपनी खामियों के बावजूद लोकतंत्र बचा हुआ है और सत्ता का हस्तांतरण 17 बार हो चुका है। आखिरकार, यह अरबों मतदाता ही हैं जो 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद केंद्र में सरकार का स्वरूप तय करेंगे।

> **भाजपा को दक्षिण के लिए नये सिरे से रणनीति विकसित करने की जरूरत है, जबकि कांग्रेस को उत्तर पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। जहां तक क्षेत्रीय दलों की बात है तो उनकी प्राथमिकता अपने वफादार मतदाता आधार को बनाये रखने की होनी चाहिए। इसके अलावा, मतदाताओं को जीतने के लिए केवल मुफ्त उपहार देना हमेशा पर्याप्त नहीं होता है। उनका विश्वास और समर्थन अर्जित करने के लिए और अधिक प्रयास करना आवश्यक है।**

## पावन प्रसंग

# सांस्कृतिक एकता के सूत्र

भारत विश्व की सभी प्राचीन सभ्यताओं में से एकमात्र जीवित एवं विकसित सभ्यता है। भारत विश्व का एकमात्र जीवित प्रागैतिहासिक राष्ट्र है। अतीत से भविष्य तक इतने लंबे अंतराल में इतने विराट स्वरूप को भारत ने संरक्षित एवं सुरक्षित रखा है। यह पश्चिमी विचारकों के लिए आश्चर्य और शोध का विषय है। भारत की एकता का मुख्य आधार आर्थिक, राजनीतिक, प्रशासनिक कारणों में निहित नहीं है। इन आधारों पर गठित बड़े-बड़े राष्ट्रों का जीवन बहुत लंबा नहीं होता। इसके कई उदाहरण हैं। इतिहास में अरब क्षेत्र में तुर्की और मेसोपोटामिया के साम्राज्य, उत्तरी अफ्रीका में मिस्र का साम्राज्य, यूरोप में रोमन साम्राज्य आज उसी क्षेत्र में अनेक राष्ट्रों में विभाजित हैं।

पिछली शताब्दी में ही चेकोस्लोवाकिया और सोवियत संघ का विघटन इसका प्रमुख उदाहरण है। भारत में एकता का सूत्र यहां की संस्कृति, धर्म और सांस्कृतिक मनोविज्ञान में इतने सुव्यवस्थित ढंग से बसा हुआ है कि सामान्य तौर पर वह नजर ही नहीं आता। भारतीय संस्कृति में एकता का सूत्र अत्यन्त गहरा है। इसी कारण यह आज भी जीवंत एवं विकासशील है। इस संदर्भ में हरबर्ट रिसले का कहना है कि भारत में भौगोलिक, सामाजिक, भाषा, रीति-रिवाज, धर्म की भिन्नता होने पर भी कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक यह एकता के सूत्र में बंधा है। यह एकता है सांस्कृतिक एकता, जिसने भारत की विविधता को अपने में समेटकर अभिन्न एवं वृहद रूप प्रदान किया है- यह एक अद्भुत घटना है। भारतीय संस्कृति की यह एक अद्भुत विशेषता है कि हम यहां के धर्म और संस्कृति के किसी भी प्रतीक पर आस्था रखें तो संपूर्ण भारतवर्ष से स्वत: जुड़ जाएंगे। इसे कुछ इस तरह से समझा जा सकता है। जैसे यदि कोई भारतीय कहे कि वह वैष्णव है, उसकी आस्था भगवान राम में है तो उत्तर में अयोध्या से लेकर चित्रकूट होते हुए धुर दक्षिण में रामेश्वर तक सभी स्थानों से उस व्यक्ति की आस्था स्वयं जुड़ जाएगी। यदि कोई व्यक्ति कहे कि उसकी आस्था भगवान श्रीकृष्ण में है तो उत्तर में उनकी जन्मभूमि मथुरा, पूर्व में जगन्नाथपुरी पश्चिम में द्वारका और दक्षिण में तिरुपति बालाजी तक देश के सभी स्थानों से उसकी आस्था स्वत: जुड़ जाएगी।

एकता का यह सूत्र केवल विचारों में ही सीमित नहीं था। इसका क्रियात्मक स्वरूप भी अनादिकाल से दिख रहा है। देश के चार स्थानों-नासिक, उज्जैन, प्रयाग और हरिद्वार में हर तीन वर्ष के बाद कुंभ मेला होता है और देश के समस्त साधु-संत अखाड़े लगाकर यात्रा करते हैं। आदि शंकराचार्य ने चार स्थानों पर चार मठ बनाए और वहां के शंकराचार्य बनने के लिए यह बाध्यता बनाई कि उसी क्षेत्र का व्यक्ति शंकराचार्य नहीं बनेगा। आज भी नेपाल में पशुपतिनाथ का मुख्य पुजारी शताब्दियों बाद भी कर्नाटक का ही पुजारी बनता आ रहा है अर्थात राजनीतिक पृथकता भी एकता को सांस्कृतिक सूत्र से जोड़े रखती है।

भारत की एकता के सूत्र सांस्कृतिक आस्था और धार्मिक कर्मकांड से लेकर घर के स्नानागार तक इतने सूक्ष्म तरीके से बने हुए हैं कि शताब्दियों के विदेशी शासन के बाद भी भारत अपनी राजनीतिक एकता को अक्षुण्ण रखकर विराट स्वरूप के साथ अडिग एवं अचल है। इसी कारण हम 21वीं सदी में विश्व का मार्गदर्शन करने के लिए तैयार हैं। जबकि विश्व की अन्य महानतम शक्तियां अपनी किसी भी किस्म की एकता को नहीं बचा पाई इसीलिए भारत एक चिरंतन राष्ट्र है। भारतीय संस्कृति एकता का मूलमंत्र हमारी भावनाओं में गहराई से रचा-बसा है। वैचारिक रूप से मतभिन्नता संभव है और होनी भी चाहिए, परंतु सांस्कृतिक स्वर हमारी रगों में बहता है, कण-कण में रमता है और व्यवहार में दृष्टिगोचर होता है। भारत की युवा पीढ़ी इस सत्य और तथ्य से सुपरिचित है। बस, उसे दृढ़संकल्प के साथ क्रियान्वयन करने की आवश्यकता है। इसी आधार पर हम कह सकते हैं, हम विश्व का सक्षम एवं समर्थ रूप से नेतृत्व कर सकते हैं।

अखंड ज्योति

## आपके पत्र

# नशे से बचाना होगा उत्तराखंड के ग्रामीण युवाओं को

दुनिया भर में अनैतिक और गैर क़ानूनी तरीके से होने वाले व्यापार में ड्रग्स और नशे का कारोबार प्रमुख है। प्रति वर्ष इसका खरबों डॉलर का दुनिया भर में व्यापार किया जाता है। देश और दुनिया का कोई ऐसा इलाका या गली मोहल्ला नहीं है जहां इसने लोगों को अपनी गिरफ्त में नहीं ले रखा है। बूढ़े से लेकर छोटे बच्चे तक किसी न किसी प्रकार से नशे का शिकार नज़र आते हैं। युवा पीढ़ी सबसे अधिक इस बुराई के दलदल में फंसी नज़र आती है। नशे का यह कारोबार अब देश के दूरदराज़ ग्रामीण इलाकों में भी अपने पैर पसार चुका है और नई नस्ल को अपनी गिरफ्त में लेता जा रहा है। शहरी इलाकों में जहां महंगे ड्रग्स बिकते हैं तो वहीं ग्रामीण स्तर पर भी इस प्रकार के नशीले उत्पाद पहुंच चुके हैं। इससे न केवल युवा बर्बाद हो रहे हैं बल्कि इससे गांव का सामाजिक ताना बाना भी बिखरता जा रहा है।

देश के अन्य राज्यों की तरह पहाड़ी राज्य उत्तराखंड के युवा भी इस बुराई से बच नहीं सके हैं। राज्य में प्रति वर्ष करोड़ों रूपए के नशीले पदार्थ पकड़े जाते हैं, इसके बावजूद धड़ल्ले से यह कारोबार चल रहा है। नशे की यह लत शहरों से निकल कर राज्य के दूरदराज़ बैसानी गांव तक पहुंच चुकी है। शिक्षा से दूरी युवाओं को नशे की ओर धकेल रही है। गांव के युवा अवैध रूप से नशे के सभी प्रकारों में लिप्त होते जा रहे हैं जो काफी चिंताजनक है। चरस, गांजा, स्मैक और इस प्रकार की अन्य नशीली चीज़ों का सेवन करते यहां के युवाओं को देखा जा सकता है। अब तो इनकी देखादेखी 10-12 साल के छोटे बच्चे भी इसका सेवन करने लगे हैं जो भविष्य के लिए शुभ संकेत नहीं है। यह लत यहां के युवाओं में इस कदर बढ़ चुकी है कि माता-पिता चाह कर भी अपने बच्चों को इससे बचा नहीं पा रहे हैं। हालांकि गांव के कुछ युवा अभी भी ऐसे हैं जो इस बुराई से दूर हैं। युवा न केवल अपना भविष्य बल्कि अपना स्वास्थ्य भी खराब कर रहे हैं। प्रशासन को इस ओर गंभीरता से ध्यान देने की ज़रूरत है। 10वीं और 11वीं में पढ़ने वाले कई ऐसे बच्चे हैं जो घर से स्कूल जाने के लिए निकलते तो हैं लेकिन वह स्कूल न जाकर नशा करने वाले लोगों के पास बैठ जाते हैं और ड्रग्स लेते हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर इनके पास इसे खरीदने के लिए पैसे कहां से आते हैं? वहीं गांव के एक 60 वर्षीय बुज़ुर्ग कहते हैं कि गांव में लोग पहले भी मदिरापान का सेवन किया करते थे, लेकिन तब इसे केवल त्यौहारों और उत्सवों में प्रयोग किया जाता था। अन्य दिनों में गांव के लोग इस बुराई से दूर रहा करते थे। लेकिन आज यह युवाओं की नस-नस में समा चुका है। अब इसे उत्सवों में नहीं बल्कि भोजन की तरह प्रतिदिन इस्तेमाल किया जाने लगा है। यह पुराने दिनों की तरह देसी मदिरा नहीं बल्कि जीवन बर्बाद कर देने वाला नशा है। चरस और गांजा जैसी नशीली दवाएं युवाओं को असमय मौत की तरफ धकेल रही है।

इस संबंध में सामाजिक कार्यकर्ता कला कोरंगा कहती हैं कि उत्तराखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में बीड़ी-सिगरेट पीना आम बात है। बच्चे अपने आसपास और अपने घर के बड़े बुज़ुर्गों को यह पीते देख कर उनसे सीखते हैं जो आगे चलकर उन्हें नशा के अन्य स्रोतों का आदी बना देता है। वह कहती हैं कि बागेश्वर जिला अंतर्गत कई गांवों में भांग की खेती की जाती है जो नौजवानों को इसे उपलब्ध कराने का सबसे आसान माध्यम होता है। उनके अनुसार युवाओं को इससे बचाने के लिए सभी स्तरों पर काम करने की ज़रूरत है। एक ओर जहां प्रशासन को सख्त कदम उठाने होंगे वहीं सामाजिक रूप से सबसे बड़ी ज़िम्मेदारी बनती है कि युवाओं को इस बुराई के खिलाफ जागृत किया जाए ताकि वह इससे दूर हो सकें।

**श्रुति जोशी, बैसानी उत्तराखंड**

CMYK

www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ... छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक संपर्क करें : bilaspurdeshbandhu@gmail.com

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

बिलासपुर, बुधवार, 13 दिसंबर 2023 वर्ष – 33 अंक –224 पृष्ठ –12+4 मूल्य – 4.00





महुआ मोइत्रा को सरकारी घर खाली करने का नोटिस

■ क्या कारगर होंगे भाजपा के नये-पुराने हथियार?
■ भगवा से मुकाबला के लिए इंडिया गठबंधन को चाहिए एक अधिक
पृष्ठ 4

■ युद्ध के बाद संयुक्त राष्ट्र के साथ इजरायल के संबंध बेहद खराब : इजरायली राजनयिक
■ पोलैंड में संसद ने डोनाल्ड टस्क को प्रधानमंत्री के रूप में चुना
पृष्ठ 9

लंबे अंतराल के बाद टेस्ट खेलने का इंतजार है : स्मृति मंधाना
पृष्ठ 10

# चौंकाया राजस्थान, पहली बार विधायक बने भजन लाल शर्मा होंगे नए सीएम

## यहां भी दो उपमुख्यमंत्री, वासुदेव देवनानी को मिलेगा विधानसभा अध्यक्ष का पद



**जयपुर**, 12 दिसम्बर (एजेंसियां)। भाजपा ने एक और फिर चौंकाया है। पार्टी ने मंगलवार को पहली बार के विधायक भजन लाल शर्मा को राजस्थान का अगला मुख्यमंत्री नामित किया। 25 नवंबर को हुए विधानसभा चुनाव में जयपुर जिले के सांगनेर से चुने गए शर्मा भाजपा की राज्य इकाई में पदाधिकारी रहे हैं। नए मुख्यमंत्री के नाम का प्रस्ताव वसुंधरा राजे ने ही रखा।

राज्य में दो उपमुख्यमंत्री पूर्व सांसद दीया कुमारी और प्रेम चंद बैरवा भी होंगे, जबकि वासुदेव देवनानी को विधानसभा स्पीकर नियुक्त किया गया है। राजसमंद से सांसद रहीं दीया कुमारी ने विद्याधर नगर से विधानसभा चुनाव लड़ा था, जबकि बैरवा दूदू से विधायक चुने गए हैं। तीन दिसंबर को चुनाव परिणाम घोषित होने के नौ दिन बाद हुई विधायक दल की बैठक में नामों को अंतिम रूप दिया गया। भरतपुर के निवासी होने के कारण चुनाव से पहले सांगानेर में कुछ लोगों ने शर्मा को 'बाहरी' करार दिया था। हालांकि, उन्होंने कांग्रेस के पुष्पेंद्र भारद्वाज को 48,081 वोटों से हराकर भारी अंतर से जीत हासिल की।

**आरएसएस के माने जाते हैं करीबी**

शर्मा पार्टी संगठन और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) दोनों के करीबी माने जाते हैं। पिछले 20 वर्षों से चार भाजपा अध्यक्षों अशोक परनामी, मदन लाल सैनी, सतीश पूनिया और सी.पी. जोशी के तहत वो राज्य महासचिव रहे हैं।

**सांसदों के इस्तीफे ने बढ़ा दी थी सरगर्मी**

इससे पहले राजस्थान के राजसमंद की सांसद दीया कुमारी, जयपुर के सांसद राज्यवर्धन सिंह राठौड़, राज्यसभा सदस्य किरोड़ी लाल मीणा ने विधानसभा चुनाव जीतने के बाद इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद से अटकलें लगाई जाने लगी थीं कि पार्टी वसुंधरा के अलावा किसी दूसरे चेहरे पर दांव खेल सकती है।

**मध्य प्रदेश-छत्तीसगढ़ में भी चौंकाया**

इससे पहले भाजपा ने मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री के तौर पर मोहन यादव के नाम पर मुहर लगाकर सभी चौंका दिया था। मोहन यादव उज्जैन दक्षिण विधानसभा सीट से विधायक हैं। वहीं, छत्तीसगढ़ में भाजपा ने विष्णुदेव साय को मुख्यमंत्री के लिए चुनकर सियासी गलियारे में हलचल मचा दी थी।

**वसुंधरा ने दिखाई थी ताकत**

3 दिसंबर को नतीजे आने के बाद से ही वसुंधरा राजे ने अपनी ताकत दिखाने की पूरी कोशिश की। चार और पांच दिसंबर को उन्होंने जयपुर में अपने करीबी विधायकों के साथ बैठक की। इसके बाद दिल्ली पहुंचीं। यहां उनकी मुलाकात बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा से हुई। दिल्ली से लौटने के बाद भी जयपुर में वसुंधरा राजे ने विधायकों से मुलाकात की। सूत्रों के मुताबिक, बीजेपी ने वसुंधरा राजे के सामने स्पीकर बनाने का प्रस्ताव रखा था, लेकिन उन्होंने इनकार कर दिया।

# शपथ ग्रहण आज, पीएम मोदी शाह और नड्डा होंगे शामिल

## साइंस कॉलेज मैदान में गरिमामय समारोह, दोपहर 2 बजे

रायपुर, 12 दिसम्बर (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गरिमामय उपस्थिति में छत्तीसगढ़ के नए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उनके मंत्रिमंडल के सदस्य 13 दिसम्बर को दोपहर 2 बजे राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में शपथ ग्रहण करेंगे।



**राजनाथ सिंह, योगी आदित्यनाथ, अनुराग ठाकुर, ओम माथुर, नितीन नबीन सहित कई दिग्गज रहेंगे मौजूद**

कार्यक्रम में केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे. पी. नड्डा, केन्द्रीय मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया, छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रभारी ओम माथुर, सह प्रभारी नितिन नबीन सहित अनेक राज्यों के मुख्यमंत्री और वरिष्ठ नेता उपस्थित रहेंगे। शपथ ग्रहण की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। शपथ ग्रहण समारोह के लिए तीन विशाल मंच बनाए जा रहे हैं, जिसमें बीच के मंच में शपथ ग्रहण होगा तथा एक ओर अतिविशिष्ट आमंत्रित व्यक्तियों तथा दूसरी ओर नवनिर्वाचित विधायकों के लिए मंच बनाया जा रहा है। इसके साथ ही कार्यक्रम स्थल में विशिष्ट अतिथियों, मीडिया प्रतिनिधियों और आमजनों के बैठने के लिए अलग-अलग सेक्टर बनाए जा रहे हैं। ज्यादा से ज्यादा लोग शपथग्रहण को देख सके इसके लिए एल.ई.डी. स्क्रीन भी लगायी जा रही है। आयोजन स्थल में मंच निर्माण, बैठक व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, वाहनों की पार्किंग, विद्युत व्यवस्था, फायर ब्रिगेड ,चिकित्सा व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, शौचालय व्यवस्था आदि के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। मैदान में 50 हजार से अधिक लोगों की बैठक व्यवस्था की तैयारी चल रही हैं। सुरक्षा व्यवस्था हेतु लगभग 1000 पुलिस जवान तैनात किए गए हैं। रायपुर शहर के चौक-चौराहों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, एयरपोर्ट आदि अन्य जगहों पर सघन चेकिंग अभियान जारी है।

## मध्य प्रदेश में भी शपथ ग्रहण समारोह आज मोहन यादव मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे

मध्य प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी को विधानसभा चुनाव में बंपर जीत मिलने के बाद उज्जैन दक्षिण विधानसभा क्षेत्र से तीसरी बार निर्वाचित विधायक मोहन यादव को विधायक दल के नेता के तौर चुनकर पार्टी ने सभी को चंका दिया। यादव बुधवार 13 दिसंबर को मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित समारोह में शपथ लेंगे। आयोजन की तैयारियां जोरों पर है। भाजपा ने विधानसभा चुनाव में राज्य की 230 में से 163 सीटों पर जीत दर्ज की।

## सार संक्षेप

### मामा-भाई का रिश्ता टूटने नहीं दूंगा : शिवराज सिंह

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के निवर्तमान मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की पहचान महिलाओं के भाई और बच्चों के मामा के तौर पर बन चुकी है। मुख्यमंत्री के पद से विदाई लेते हुए उन्होंने कहा कि अंतिम सांस तक मामा और भाई के रिश्ते को टूटने नहीं दूंगा। मंगलवार को चौहान ने अपने आवास पर संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मेरे प्रदेश की जनता से रिश्ते मुख्यमंत्री और जनता के नहीं बल्कि परिवार के रहे हैं। मामा का रिश्ता प्यार का होता है और भाई का रिश्ता विश्वास का। जब तक मेरी सांस चलेगी तब तक मैं ये रिश्ता टूटने नहीं दूंगा।

### अनंतनाग में हथियार और गोला-बारूद के साथ दो गिरफ्तार

**श्रीनगर।** सुरक्षा बलों ने मंगलवार को जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में दो लोगों को पकड़ा और उनके पास से हथियार और गोला-बारूद बरामद किया। सेना ने अपने आधिकारिक एक्स-पोस्ट पर कहा, खुफिया सूचनाओं के आधार पर, 11 दिसंबर 2023 को भारतीय सेना और जम्मू कश्मीर पुलिस द्वारा ज़बिलपुरा, बिजबेहरा, अनंतनाग में एक संयुक्त मोबाइल वाहन चेक पोस्ट (एमवीसीपी) स्थापित किया गया था।। इस दौरान युद्ध जैसे सामानों की बरामदगी के साथ दो संदिग्ध व्यक्तियों को पकड़ा गया है। जांच चल रही है। दोनों व्यक्तियों को सेना और स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीम ने अनंतनाग जिले के बिजबेहरा इलाके से पकड़ा।

### अमित शाह ने तीन नए विधेयकों को लोकसभा में किया पेश

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आईपीसी, सीआरपीसी और इंडियन एविडेंस एक्ट की जगह लेने वाले तीन नए विधेयकों, भारतीय न्याय (द्वितीय) संहिता विधेयक-2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा (द्वितीय) संहिता विधेयक-2023 और भारतीय साक्ष्य (द्वितीय) विधेयक-2023, को मंगलवार को लोकसभा में पेश कर दिया। इससे पहले अमित शाह ने मानसून सत्र के दौरान 11 अगस्त, 2023 को लोकसभा में पेश किए गए तीन विधेयकों, भारतीय न्याय संहिता विधेयक-2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता विधेयक-2023 और भारतीय साक्ष्य विधेयक 2023 को सदन से वापस ले लिया था।

### सीबीएसई ने जारी की बोर्ड परीक्षा की डेटशीट, 15 फरवरी से 2 अप्रैल तक होगी परीक्षाएं

**नई दिल्ली,** 12 दिसम्बर (एजेंसियां)। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने मंगलवार को 10वीं और 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाओं के लिए डेटशीट जारी कर दी। सीबीएसई की डेटशीट के मुताबिक 15 फरवरी से बोर्ड परीक्षाएं शुरू होगीं और 12वीं बोर्ड की आखिरी परीक्षा 2 अप्रैल तक चलेगी। जबकि, 10वीं कक्षा की परीक्षाएं 13 मार्च को समाप्त हो जाएंगी। बोर्ड परीक्षाएं लगभग 55 दिनों तक चलेंगी। सीबीएसई 12वीं बोर्ड की पहली परीक्षा 15 फरवरी को है। पहली परीक्षा एंटरप्रेन्योरशिप की और आखिरी परीक्षा 2 अप्रैल को कंप्यूटर, इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी की है। वहीं, 10वीं कक्षा की बात की जाए तो 15 फरवरी को पहली परीक्षा पेंटिंग विषय की है। दसवीं बोर्ड की आखिरी परीक्षा 13 मार्च को है। इस दिन कंप्यूटर एप्लीकेशन और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की परीक्षा है।

### जेएनयू की नई आचार संहिता का छात्रों ने किया विरोध

**नई दिल्ली,** 12 दिसम्बर (एजेंसियां)। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) प्रशासन ने छात्रों के लिए एक आचार संहिता जारी की है, जिसे लेकर छात्रों ने अपना विरोध जताया है। छात्रों व कई छात्र संगठनों का कहना है इस आचार संहिता में कुछ तानाशाही वाले नियम शामिल हैं। आचार संहिता में छात्रों के धरना प्रदर्शन करने आदि पर प्रतिबंध एवं जुर्माना लगाने का प्रावधान है।

*ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर*

# पिता सहित 2 मासूम को मौके पर ही मौत

**नवापारा-राजिम** 12 दिसबर देशबन्धु। हादसे मे तीन लोगो की घटनास्थल पर ही मौत हो गई ।.मृतको मे दो बच्चे एवम बच्ची के पिता ।थे । प्रत्यक्ष दर्शियो से मिली जानकारी के अनुसार बाइक पर बैठाकर मृतक पिता शिवनाथ यादव अपनी बच्ची को तर्री परमेश्वरी स्कूल छोड़ने जा रहा था तभी एक तेज रफ़्तार ट्रक ने बाइक को ठोकर मार दी.हादसे में दो मासूम समेत पिता की मौके पर ही मौत हो गई है. हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से ट्रक लेकर फ़रार हो गया है. घटनास्थल पर बड़ी संख्या में लोग इकट्ठा हो गए थे . वहीं आक्रोशित लोगों ने राजिम रायपुर मुख्य मार्ग पर गोबरा नवापारा के बस स्टैंड में चक्का जाम कर दिया है. ये घटना गोबरा नवापारा के तर्री रोड स्थित बगदेहीपारा स्कूल के पास हुई ।



**आक्रोशित लोगों ने किया चक्का जाम**

ड्राइवर ने थाना जा कर किया आत्मसमर्पण

मिली जानकारी के अनुसार, गोबरा नवापारा के तर्री रोड पर हुई दुर्घटना के बाद आरोपी चालक ट्रक लेकर भाग गया और थाने में आत्मसमर्पण कर दिया. हादसे में जान गवाने वाले पिता का नाम शिवनाथ यादव उम्र 30, रिया यादव उम्र 7 वर्ष कक्षा 2 में पढ़ती थी और छोटी बेटी हीना यादव उम्र 1 वर्ष है. ।

# बस में लगी आग 6 यात्री घायल, जला यात्रियों का सामान

**कोण्डागाव** 12 दिसम्बर (देषबन्धु)। रायपुर से जगदलपुर जाने वाली महेंद्रा बस में 12 दिसम्बर की अलसुबह लगभग 4 बजे अचानक आग लग गई। आग ने धीरे-धीरे पूरी बस को अपनी चपेट में ले लिया। बस में आग लगने की जानकारी मिलते ही बस में सवार कुछ यात्री बस की खिड़की तोड़कर तो कुछ यात्री जैसे-तैसे आनन-फानन में बस से बाहर निकले। आपाधापी में बस से उतरने के दौरान 2 महिला सहित 3 पुरुष घायल हुए। घायलों को ईलाज हेतु केशकाल अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी आनन्द सोनी, एस.डी.एम. केशकाल मौके पर पहुंचे, पीड़ित घायलों से उनकी व्यथा को जाना, मिलने वाली सहायता को देखा और घटना की जांच में जुटे नजर आए।



**एन.एच.30 में चल रही अनफिट यात्री बसें, आर.टी.ओ. व ट्रैफिक पुलिस खामोश**

मिली जानकारी के अनुसार 50 यात्रियों को लेकर रायपुर से जगदलपुर जाने वाली महेंद्रा बस में केशकाल एनएच 30 पर अलसुबह लगभग 4 बजे अचानक आग लग गई। बस चालक ने आग लगी बस को सड़क के किनारे रोका और आग लगने की जानकारी मिलते ही बस मे सवार यात्री जान-माल बचाने आनन-फानन में बस से उतरे। घटना में 2 महिला सहित 3 पुरूष घायल हुए हैं। घायलों को पुलिस वाहन से अस्पताल में भर्ती कराया गया। यात्रियों का कहना है कि उनके द्वारा बसे में रखा गया सामान, सोने-चांदी के जेवर, नगदी सहित लाखों रुपए का सामान सहित आवश्यक दस्तावेज जल गए हैं।

एक यात्री प्रकाष षुक्ला से मिली जानकारी के अनुसार बस के ईंजन में गड़बड़ी होने के कारण ही बस में आग लगी और जिसके कारण लगभग 50 यात्रियों में से कई यात्रियों को भारी आर्थिक हानि के साथ-साथ आवष्यक दस्तावेजों को खोकर मानसिक परेषानी भी उठानी पड़ी है तथा कुछ यात्रियों को बेवजह घायल होना पड़ा है।

*राहुल गांधी ने भाजपा पर किया पलटवार*

# मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए नेहरू की करते हैं बात

**नई दिल्ली,** 12 दिसम्बर (देशबन्धु)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को भाजपा पर पलटवार करते हुए कहा कि वे देश के वास्तविक मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए भारत के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के बारे में बात करते रहते हैं। राहुल गांधी ने फिर जाति आधारित जनगणना की मांग दोहराई और सरकार पर इस पर चर्चा नहीं करने का आरोप लगाया। संसद के बाहर मीडिया से बात करते हुए राहुल गांधी ने कहा, ये सब ध्यान भटकाने वाली रणनीति है। मूल मुद्दा जाति आधारित जनगणना है और लोगों का पैसा किसे मिल रहा है? वे इस मुद्दे पर चर्चा नहीं करना चाहते हैं, वे इससे दूर भागते हैं। केरल के वायनाड से लोकसभा सासद ने कहा, हम इस मुद्दे को आगे बढ़ाएंगे और सुनिश्चित करेंगे कि गरीबों को उनका हक मिले। जब उन्हें बताया गया कि भाजपा ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के रूप में एक ओबीसी नेता की घोषणा की है, तो उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ में हमारा मुख्यमंत्री भी ओबीसी से था, अब उन्होंने भी एक ओबीसी मुख्यमंत्री की घोषणा की है। लेकिन सवाल यह है कि सरकारी व्यवस्था में कितने ओबीसी हैं? उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी ओबीसी वर्ग से हैं, लेकिन केंद्र सरकार को 90 लोग चला रहे हैं और उनमें से केवल तीन लोग ओबीसी वर्ग से हैं।



**राहुल ने फिर जाति आधारित जनगणना की मांग दोहराई**

राहुल गांधी ने कहा, मेरा सवाल संस्थागत व्यवस्था में ओबीसी, दलितों

# इंडिया गठबंधन का बदलेगा सुर अब मोदी नहीं मुद्दे पर बनेगी रणनीति

**नई दिल्ली,** 12 दिसम्बर (देशबन्धु)। पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में मिली 4-1 की शिकस्त का असर अब इंडिया गठबंधन की रणनीति पर भी पड़ता नजर आ सकता है। गठबंधन के घटक दलों के बीच मनमुटाव की खबरों के बीच कांग्रेस ने पहल करते हुए समाजवादी पार्टी,जनता दल यूनाईटेड व तृणमूल कांग्रेस समेत तमाम सहयोगी दलों के नेताओं से बातचीत कर इस बात का संकेत दिया है कि लोकसभा चुनावों में सहयोगी दलों की क्षेत्रीय हैसियत को ध्यान में रखते हुए सीटों के बंटवारे का फार्मूला तय किया जाएगा। साथ ही इसी के मद्देनजर न्यूनतम साझा कार्यक्रम के तहत चुनावी मुद्दे भी तय होंगे। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, इंडिया गठबंधन 2024 के लोकसभा चुनाव में मोदी हटाओ के एजेंडे के बजाय जनता से जुडे मुद्दों के वैकल्पिक एजेंडे के साथ चुनावी रण में उतरने की तैयारी में है।

**सहयोगी दलों की हैसियत को ध्यान में रखते हुए सीटों के बंटवारे का फार्मूला तय होगा**

**19 दिसम्बर को दिल्ली में होगी बैठक**

कांग्रेस नेताओं का मानना है कि पहले लोकसभा चुनावों में जब किसी राष्ट्रीय पार्टी को बहुमत नहीं मिला था तो यूपीए या एनडीए ने न्यूनतम साझा कार्यक्रम के तहत सरकार का गठन किया। लेकिन इंडिया गठबंधन चुनाव से पहले ही न्यूनतम साझा कार्यक्रम के तहत एजेंडा तय कर जनता के बीच जाएगी। इंडिया गठबंधन की अगली बैठक में इसको लेकर चर्चा की जा सकती है। इसमें सामाजिक,आर्थिक और राजनैतिक मुद्दों को लेकर साझा कार्यक्रम तय करने पर विचार हो सकता है।

गठबंधन का पूरा फोकस जनता से जुडे मुद्दे होंगे और इसी आधार पर वोट मांगा जाएगा। ताकि जनता खुद को मुद्दों के साथ जुडी पाए।

बतादें कि गठबंधन की चौथी बैठक 19 दिसम्बर को दिल्ली में होने जा रही है।

# राज्यसभा में आया चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति का बिल, कांग्रेस ने बिल का किया विरोध

**नई दिल्ली,** 12 दिसम्बर (एजेंसिया)। राज्यसभा मे मंगलवार को मुख्य निर्वाचन आयुक्त व अन्य निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति, सेवा शर्तों और पदावधि संबंधी विधेयक पेश किया गया। विधेयक में चयन समिति में अध्यक्ष के रूप में प्रधानमंत्री, सदस्यों के रूप में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष व प्रधानमंत्री द्वारा नामित एक केंद्रीय मंत्री शामिल होंगे। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने राज्यसभा में यह विधेयक प्रस्तुत किया। इस विषय पर बोलते हुए कांग्रेस सांसद रणदीप सिंह हुड्डा ने कहा कि चुनाव आयोग की बात करते समय चार शब्द निर्भीकता, शुचिता, निष्पक्षता, स्वायत्ता सभी व्यक्तियों के दिमाग में आएंगे। सरकार द्वारा पेश किया जा रहा यह कानून इन चारों शब्दों को बुलडोजर के नीचे कुचलना वाला कानून है। सुरजेवाला ने कहा कि जब प्रधानमंत्री और उनके द्वारा बनाए गए मंत्री ही मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति करेंगे तो फिर इस नियुक्ति के लिए किसी कमेटी के गठन की कोई आवश्यकता ही नहीं रह जाती। केंद्र सरकार का मंत्री सदैव प्रधानमंत्री की इच्छा अनुसार चुनाव आयुक्त के चयन में अपनी भूमिका निभाएगा इसलिए यह कानून निरर्थक है। इस बिल के क्लॉज 5 में यह प्रावधान कर दिया गया है कि मुख्य चुनाव आयुक्त व चुनाव आयुक्त एक विशेष श्रेणी को छोड़कर देश का कोई और नागरिक नहीं हो सकता।

**रैंकिंग**

## विश्वव्यापी जीवन गुणवत्ता में वियना शीर्ष पर

# भारत के सर्वश्रेष्ठ शहरों में हैदराबाद ने बेंगलुरु को पीछे छोड़ा

**नई दिल्ली, 12 दिसम्बर (एजेंसियां)। 223 के लिए मर्सर की विश्वव्यापी जीवन गुणवत्ता रैंकिंग में हैदराबाद 153वें, पुणे 154वें और बेंगलुरु 156वें स्थान के साथ भारतीय शहरों में सबसे ऊंचे स्थान पर हैं, जिसमें ऑस्ट्रिया में वियना को लिस्ट में टॉप पर रखा गया है। लिस्ट में चेन्नई 161वें स्थान पर चौथा भारतीय शहर है, इसके बाद मुंबई 164वें स्थान पर है। वहीं कोलकाता 17 और नई दिल्ली 172वें स्थान पर है।**

मर्सर का जीवन स्तर का डेटा दुनिया भर में असाइनमेंट स्थानों पर प्रवासी कर्मचारियों और उनके परिवारों के लिए दैनिक जीवन की व्यावहारिकताओं का आकलन करता है। वियना ने सूची में अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा, जो आखिरी बार प्री-कोविड 2019 में प्रकाशित हुई थी। इसके बाद ज्यूरिक (स्विट्जरलैंड) और ऑकलैंड (न्यूजीलैंड) दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। निम्न गुणवत्ता वाले जीवन वाले स्थानों में कई अफ्रीकी शहर एन जामेना (चाड), बांगुई (मध्य अफ्रीकी गणराज्य) और खातूम (सूडान) शामिल हैं, जो क्रमश 236वें, 239वें और 241वें स्थान पर हैं। सना (यमन) सहित मध्य पूर्व के स्थान भी 238वें स्थान पर निचले स्थान पर हैं, जहां इसकी रैंकिंग मानवीय प्रयासों और पुनर्निर्माण पहलों पर निरंतर ध्यान देने की आवश्यकता का संकेत देती है। इसके अलावा, बगदाद (इराक) 240वें स्थान पर है, जो अपने बुनियादी ढांचे का पुनर्निर्माण करना चाहता है। टॉप 10 में 7 यूरोपीय देशों के अलावा, उच्च गुणवत्ता वाले जीवन स्तर वाले अन्य शहरों में नीदरलैंड का एम्स्टर्डम 14वें, नॉर्वे का ओस्लो 24वें, स्वीडन का स्टॉकहोम 26वें, फ्रांस का पेरिस 32वें, फ़िनलैंड का हेलसिंकी 34वें, और आयरलैंड का डबलिन 42वें स्थान पर हैं। यूके में लंदन ने 45वां स्थान हासिल किया है, उसके बाद एबरडीन 49वां, एडिनबर्ग 51वां, ग्लासगो 54वां, बर्मिंघम 60वां और बेलफास्ट ने 67वां स्थान हासिल किया है।

**लंदन ने 45वां स्थान हासिल किया भारत में पुणे 154वें स्थान पर**

## सार-संक्षेप

### जेएसएस में निबंध लेखन प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**कोरबा**, 12 दिसंबर (देशबन्धु)। कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रायोजित जन शिक्षण संस्थान, कोरबा में आज प्रसिद्ध कवि सुब्रमण्यम भारती के जन्मजयंती के अवसर पर भारतीय भाषा उत्सव मनाया गया। परियोजना अधिकारी सावित्री जेना ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि भारतीय भाषा को बढ़ावा देने के लिए यह कार्यक्रम चलाया जा रहा है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों को सभी भाषा सीखने के लिए प्रोत्साहित करना है। इस दौरान जेएसएस के हितग्राहियों के बीच निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्रीमति तृश्या मोहंती, श्रीमति लक्ष्मी चटर्जी, श्रीमति विजयलक्ष्मी महंत, श्रीमति सुनीता राठौर, उमेश, किशोर महंत, नरेंद्र साहू, संजय बरेठ, श्रीमति अनीता चौहान सहित बड़ी संख्या में हितग्राही उपस्थित थे।

### अटल आवास एमपी नगर में अखण्ड नवधा रामायण 14 से

**कोरबा,** 12 दिसंबर (देशबन्धु)। एमपी नगर अटल आवास वार्ड क्र. 24 में स्थित पशुपतिनाथ मंदिर 14 दिसंबर से अखण्ड नवधा रामायण का आयोजन होने जा रहा है। आचार्य पं.जितेन्द्र शर्मा बबलू महराज के सानिध्य में 9 दिनों तक श्रीराम कथा और रामायण से जुड़े प्रसंगों का रसास्वादन कराया जाएगा। 14 दिसंबर गुरुवार को दोपहर 2 बजे कलश यात्रा निकाली जाएगी। 15 दिसंबर को दोपहर 12 बजे से नवधा रामायण पूजा-अर्चना के साथ प्रारंभ होगा। 24 दिसंबर रविवार को हवन, सहस्त्रधारा एवं ब्राम्हण भोज के साथ समापन होगा। अखंड नवधा रामायण समिति की अध्यक्ष श्रीमती रतन बाई राठौर, सचिव श्रीमती मधु देवी श्रीवास, कोषाध्यक्ष बाई सूर्यवंशी, कार्यक्रम संयोजक संदीप कुमार केशरवानी, संरक्षक वार्ड 24 पार्षद श्रीमती आशा जायसवाल,अक्षय दुबे, पूर्व पार्षद दिनेश वैष्णव, रामप्रकाश जायसवाल की देखरेख में आयोजन को सफल बनाने के लिए समस्त सदस्यगण जुटे हुए हैं। आयोजन में नगरजनों, श्रद्धालुओं को सपरिवार उपस्थित होकर पुण्य का भागीदार बनने आमंत्रित किया गया है।

### न्यू ऐरा मोंटेसरी का वार्षिक उत्सव आयोजित

कोरबा, 12 दिसंबर (देशबन्धु)। न्यू ऐरा मोंटेसरी स्कूल का वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया गया। सप्तरंग..द स्पेक्ट्रम पर आधारित वार्षिक उत्सव की मुख्य अतिथि डॉ.श्रीमती नीरजा बाजपेयी थीं। कार्यक्रम की शुरुआत तिलक, दीप प्रज्जवलन एवं गणेश वंदना से की गई। विद्यालय के संचालक एवं शैक्षिक निर्देशक दिनेश लांबा एवं श्रीमती अरुण लांबा भी उपस्थित रहे। सीनियर क्लब में आयोजित कार्यक्रम में बच्चों ने इन्द्रधनुषी प्रस्तुतियां दी। विद्यालय की प्रधान अध्यापिका अर्चना प्रसाद के मार्गदर्शन में इस कार्यक्रम को सफल बनाया गया। पुराने गानों से लेकर नए गानों तक बच्चों ने इन्द्रधनुषी समां बांध दिए। अंत में प्रधान अध्यापिका के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ वार्षिक उत्सव का समापन हुआ।

### आकृति महिला समिति ने वृद्धजनों को दिए जरूरी सामान

कोरबा, 12 दिसंबर (देशबन्धु)। श्रद्धा महिला मण्डल, एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर की अध्यक्षा श्रीमती पूनम मिश्रा और उनके सहयोगियों द्वारा किये जा रहे सामाजिक कार्यों से प्रेरित होकर समाज के प्रति अपने उत्तरदायित्वों का निवर्हन करते हुए एसईसीएल सेण्ट्ल वर्कशॉप कोरबा द्वारा संचालित आकृति महिला समिति ने सेवा कार्य किए। समिति की अध्यक्षा एसईसीएल मुख्य चिकित्सालय में कार्यरत् डॉ.श्रीमती कुमुदनी जेवियर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी के नेतृत्व में सर्वमंगला मंदिर स्थित प्रशांति वृद्धा आश्रम में निवासरत् वृद्धजनों को ठंड से निजात दिलाने के लिए शॉल एवं चादर वितरित किया गया। साथ ही दैनिक जरूरत के सामान वेसलीन, तेल, साबुन, फिनायल, झाडू एवं स्नैक्स वितरित कर उनके साथ कुछ पल भी बिताये। इस अवसर पर समिति की सचिव श्रीमती सीमा राव, श्रीमती तृप्ति नागराले, श्रीमती रश्मि टंडन, श्रीमती सुनीता जैन, श्रीमती लक्ष्मी प्रसाद एवं श्रीमती अर्चना दुबे आदि उपस्थित थीं।

## सेलिब्रिटी अवॉर्ड शो 28 जनवरी को, ट्रांसजेंडर व हैंडिकैप्ड को आगे बढ़ाना उद्देश्य



**कोरबा,** 12 दिसंबर (देशबन्धु)। ट्रांसपोर्ट नगर स्थित राजीव गांधी ऑडिटोरियम में 28 जनवरी को सेलिब्रिटी अवॉर्ड शो रखा गया है। शो में मिस्टर मिस एंड मिसेस का मॉडलिंग शो ब्राइडल कंपटीशन होगा।

शो की सेलिब्रिटी ऑर्गेनाइजर अंजू कुर्रे ने प्रेस क्लब में आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि हमारे बीच ऐसे भी लोग हैं जिससे हम दूरी बनाकर रखते हैं, ऐसी मानसिकता को दूर करने के लिए दिव्यांगजनों और ट्रांसजेंडर लोगों को एक प्लेटफार्म दे रहे हैं। उनमें भी कुछ खूबियां और टैलेंट होते हैं जिनको वह दुनिया के सामने दिखा नहीं पाते। इसलिए मिस्टर,मिस एंड मिसेस मॉडलिंग शो में सामान्य प्रतिभागियों के साथ उन्हें भी टैलेंट दिखाने का एक प्लेटफार्म दिया जा रहा है। अंजू कुर्रे ने बताया कि छत्तीसगढ़ में कई बेहतर मेकअप आर्टिस्ट हैं जिनको प्लेटफार्म नहीं मिल पाता है, ऐसे मेकअप आर्टिस्ट के लिए ब्राइडल मेकअप कंपटीशन का आयोजन होगा जिसमें वह भाग लेकर अपनी कला दिखा सकती हैं।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बॉलीवुड सेलिब्रिटी और फेमिना मिस इंडिया की विजेता जोया अफरोज होंगी। प्रेस वार्ता में ऑर्गनाइजर अंजू कुर्रे, अश्वनी अनंत के अलावा सपोर्टर ऑर्गनाइजर मिनाक्षी श्रीवास, प्रीति कोशले,ज्योति शर्मा,वीआईपी गेस्ट ममता पटेल, बिग सपोर्टर अमृता दास, आशिष भार्गव, विक्रान्त,शुभम, गजेन्द्र, भक्तराज, नाजनीन, प्रकिति शर्मा,साहिबा, सविता,करन पटेल उपस्थित थे।

**इनका नहीं लगेगा एंट्री फीस**

आयोजकों ने बताया कि शो में एंट्री फीस 1000 रुपए रखी गई है किन्तु ऐसे गरीब बच्चे जिनके माता-पिता नहीं है एवं विधवा व परित्यक्ता महिलाओं के लिए एंट्री फीस नहीं ली जाएगी। शो में भाग लेकर वे भी एक मुकाम हासिल कर सकते हैं या फिर अपने हुनर के जरिए स्वरोजगार का अवसर प्राप्त कर सकते हैं।

# किसानों की निजी जमीन से छेड़छाड़, सरकारी जमीन का बांट दिया पट्टा

## कूटरचना और फर्जी वन पट्टा से 60 एकड़ सरकारी जमीनों की बिक्री



### एसडीएम से शिकायत कर जांच की मांग रखी ग्रामीणों ने

**कोरबा,** 12 दिसंबर (देशबन्धु)। कटघोरा विधानसभा व तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत राल के आश्रित ग्राम बसन्तपुर में लगभग 60 एकड़ शासकीय और वन भूमि का फर्जी पट्टा बनाकर विक्रय करने का सनसनीखेज मामला ग्रामीणों ने उजागर किया है। इसकी शिकायत करते हुए दोषियों पर कार्यवाही की मांग की गई है।

ग्रामीणों ने इस सबन्ध में एसडीएम को सौंपे आवेदन में बताया है कि वर्ष 2018-19 में रेल कॉरिडोर के लिए जमीन अर्जन के दौरान बड़े पैमाने पर धांधली किया गया है। जो व्यक्ति गांव का निवासी ही नहीं है ऐसे 30 लोगों के नाम पर 60 एकड़ का पट्टा बनाया गया है। पट्टा कैसे बना है, इसकी जानकारी गांव के सरपंच सहित अन्य लोंगो को भी नहीं है। जिनके नाम पर पट्टा बना है उनको भी अपनी जमीन का स्थिति और भौतिक जानकारी नहीं है। इसकी शिकायत लगभग 1 वर्ष पूर्व की गई थी पर कोई कार्यवाही नहीं हुई। किसानों का आरोप है कि उनकी निजी हक की जमीन के रिकार्ड के साथ भी छेड़छाड़ किया गया है जिससे उनके खसरा व रकबा का सही जानकारी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है।

ग्रामीणों से मिली जानकारी के बाद ऊर्जाधानी भूविस्थापित किसान कल्याण समिति के अध्यक्ष सपुरन कुलदीप ने गांव का दौरा किया और शिकायतें सुनी। श्री कुलदीप ने बताया कि बसन्तपुर पटवारी हल्का 2 में शासकीय भूमि के साथ छेड़छाड़ कर फर्जी पट्टा तैयार कर बिक्री से गांव में अराजकता का माहौल निर्मित हो रहा है जो कभी भी फूट सकता है इसलिए जल्द से जल्द जांच जरूरी है।

### राजस्व मंत्री का भी निर्देश काम नहीं आया

इस मामले में गांव के 6 एकड़ अपात्र शासकीय पट्टा की जांच कर निरस्त कराने के लिए तत्कालीन राजस्व मंत्री को भी आवेदन ग्राम बसंतपुर के किसानों ने दिया था। 3 किसानों की निजी भूमि के रकबा व शासकीय भूमि को वन अधिकार पट्टा दर्शाया गया है।जांच एवं सुधार हेतु 31 अक्टूबर 222 को प्रतिवेदन दिया गया था लेकिन 2 से 5 नवंबर तक ऑनलाईन सुधार दिखाकर उक्त किसानों से ग्राम नौकर के द्वारा पंचनामा हस्ताक्षर लिया गया। 7-8 नवंबर के बाद रकबा पूर्व जैसा ही हो गया और पटवारी से पूछने पर बताया कि उससे यह कार्य आगे नहीं बढ़ रहा है। भू-रिकॉर्ड के अनुसार 6 एकड़ शासकीय पट्टा अपात्र है। 3 किसानों की निजी भूमि के रकबा से फर्जी कार्य कर 5-5 एकड़ भू-स्वामी पर्ची बना देने से प्रभावित किसानों का बी-1 से रकबा घटने के कारण धान विक्रय से पिछले साल वंचित होना पड़ा था।

### जो गांव में नहीं रहते ना काबिज, उनके नाम शामिल

शिकायत है कि जो व्यक्ति न तो उक्त जमीन पर काबिज है और न तो गांव में रहते हैं, उनके नाम पर वन अधिकार पट्टा शासकीय जमीन का दिखाया गया है। इनमें नान्ही राम पिता मोहन महतो, मोहित राम पिता बुड़गी केंवट, मयाराम पिता मोहन महतो, पतिराम पिता चैतू, बहोरन पिता जगन, संतराम पिता जगना, सालिकराम पिता भोला, बुधवार पिता रतिराम, बृजलाल पिता चैतू, घसनीन पति घासी, बुधवार पिता बोधी, ईश्वरलाल पिता हीरालाल, अगहन पिता मेघनाथ महतो, चैतूराम पिता मंगलू महतो, घासीराम पिता चमरू महतो के नाम शामिल हैं।

## अपात्रों का मुआवजा जांच होने तक रोकें, गलत प्रकरण निरस्त करें

**कोरबा-दीपका,** 12 दिसंबर (देशबन्धु)। एसईसीएल की दीपका विस्तार परियोजना के द्वारा अधिग्रहित ग्राम मलगांव के मुआवजा प्रकरण के संबंध में 8 जनवरी के बाद गांव में त्रि-पक्षीय वार्ता करने की मांग कटघोरा के एसडीएम से की गई है।

ग्रामीणों ने इस आशय का मांग पत्र सौंपते हुए एसडीएम को अवगत कराया है कि ग्राम मलगांव का अर्जन पश्चात् जमीन का मुआवजा एवं मकान/ घर का नापी विगत 2 वर्ष पूर्व दीपका क्षेत्र एवं राज्य शासन की टीम के द्वारा किया गया एवं ग्रामीणों को जो पावती दिया गया है उसी के आधार पर सही मुआवजा बनाते हुए सही मुआवजा भुगतान किया जावे। जिन अपात्रों का मुआवजा बनाया गया है उसमें जांच कार्यवाही होते तक मुआवजा रोका जावे और जिस व्यक्ति का प्रकरण गलत पाया जाय तो उसे निरस्त किया जावे। पूर्व में दीपका क्षेत्र के द्वारा मकान का मुआवजा बना कर अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कटघोरा को अनुमोदन हेतु दिये गये मुआवजा पत्रक की कॉपी को लागू किया जावे और वर्तमान में मकान का जो मुआवजा पत्रक बनाया गया है उसे निरस्त/सुधार किया जावे ताकि मकान का मुआवजा भू-विस्थापितों को सही मिल सके।

## सीईओ ने लिंग आधारित हिंसा के विरूद्ध दिलाई शपथ

**कोरबा,** 12 दिसंबर (देशबन्धु)। नई चेतना जेण्डर 2.0 राष्ट्रीय अभियान के अंतर्गत जिला पंचायत परिसर में आज सीईओ विश्वदीप ने जिला पंचायत के विभागीय अधिकारी कर्मचारियों को लिंग आधारित हिंसा के विरूद्ध शपथ दिलाई। जिला पंचायत के विभिन्न शाखाओं के अधिकारी-कर्मचारियों ने हिंसा हर रूप में गलत है, हिंसा के खिलाफ आवाज उठाने, महिलाओं को उचित सम्मान देने और नई चेतना को उजागर करने साथ ही खुद हिंसा ना करने और ना ही हिंसा होने देने की शपथ ली। इस दौरान उप संचालक पंचायत सुश्री जूली तिर्की सहित अन्य विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## डॉक्टर ने फार्मासिस्ट के साथ की मारपीट, जांच में जुटे बीएमओ

**टेबल-कुर्सी भीतर रखने में देर होने पर की गई घटना**

**कोरबा,** 12 दिसंबर (देशबन्धु)। बाहर धूप में निकाले गए टेबल-कुर्सी को डिस्पेंसरी के भीतर रखने के लिए फार्मासिस्ट को आदेश देने के बाद इस कार्य में विलंब होने पर डॉक्टर ने फार्मासिस्ट के साथ मारपीट कर दिया। अब यह मामला बढ़ने पर ब्लॉक मेडिकल अफसर डॉ. दीपक राज के द्वारा दोनों पक्षों को सुनकर जांच-पड़ताल शुरू कर दी गई है।

यह घटनाक्रम कोरबा ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी के अंतर्गत कोरकोमा के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का है। आरोप है कि यहां पदस्थ डॉक्टर एमएल भारिया ने अपने फार्मासिस्ट सखाराम पैकरा के साथ मारपीट की। पीड़ित के आरोप का समर्थन एक महिला कर्मचारी ने भी किया है। दूसरी ओर डॉक्टर इससे साफ इनकार कर रहे हैं। कोरकोमा के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के फार्मासिस्ट सखाराम पैकरा के अनुसार टेबल हटाने की बात को लेकर डॉ. भारिया द्वारा उसके साथ मारपीट की गई। फार्मासिस्ट सखाराम आयुष्मान विभाग में पदस्थ है। मंगलवार की सुबह ड्यूटी के दौरान डॉ.भारिया ने उसे टेबल और कुर्सी को अंदर रखने के लिए कहा था। अकेले होने के कारण तुरंत टेबल-कुर्सी अंदर नहीं कर पाया, जब चपरासी आया तब उसके साथ टेबल-कुर्सी को अंदर रखने जा रहा था कि पीछे से आकर डॉक्टर ने उसे मार दिया। अचानक हुए वार से वह जमीन पर गिर पड़ा और दोनों के बीच विवाद बढ़ता गया। इसकी शिकायत सखाराम ने उच्च अधिकारियों से की है। ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर ने कहा है कि तथ्यों के आधार पर इस मामले में कार्रवाई की जाएगी।

## जनपद सदस्य पर नियम विरुद्ध कार्य करने का आरोप, कलेक्टर से शिकायत

**विभिन्न पंचायतों में कराए गए कार्यों की जांच की मांग की गर्ग ने**

**कोरबा-पोड़ी उपरोड़ा,** 12 दिसंबर (देशबन्धु)। पोड़ी उपरोड़ा जनपद पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष एवं पूर्व सदस्य राज्य लघु वनोपज संघ अक्षय कुमार गर्ग ने पोड़ी उपरोड़ा के जनपद सदस्य विजय कुमार दुबे पर पंचायतीराज अधिनियम के विरुद्ध कार्य करने का आरोप लगाया है। इस संबंध में कलेक्टर से शिकायत कर जांच कराने व पदमुक्त करने की मांग की गई है।

जनपद सदस्य विजय कुमार दुबे पर अक्षय गर्ग द्वारा आरोप है कि इनके द्वारा सरकारी आवासों पर कब्जा कर निवास एवं गोदाम के रूम में उपयोग किया जा रहा है। पूरे जनपद पंचायत क्षेत्र में ठेकेदारी का कार्य किया जा रहा है जो कि गुणवत्ताहीन हैं। जनपद पंचायत परिसर में ही आवासों पर कब्जा कर विगत 8-10 वर्षों से ठेकेदारी का कार्य संचालित किया जा रहा है। पूर्व में भी कई बार शिकायत की गई लेकिन जनपद के अधिकारी व कर्मियों की मेहरबानी से सीईओ के नाक के नीचे ये सब कार्य हो रहे हैं। पंचायत के किसी भी स्तर के पदाधिकारी द्वारा सरकारी जमीन या शासकीय आवासों पर कब्जा करने पर पद से हटाया जाना चाहिए। ग्राम पंचायतों के निर्माण कार्यों में ठेकेदारी प्रथा पूर्ण रूप से वर्जित है किन्तु इनके द्वारा मनरेगा के कार्यों में भी ठेकेदारी, जेसीबी का उपयोग, मशीन लगाकर कार्य कराया जाता है। विभिन्न पंचायतों में डीएमएफ मद, रोजगार गारंटी, जनपद मद एवं पंचायतों में संचालित विभिन्न योजनाओं में गुणवत्ताहीन कार्य किए गए हैं। इन कार्यों में बालू, गिट्टी की रायल्टी चोरी, जीएसटी की चोरी कर सरकार को करोड़ों रुपए की चपत लगाई गई है। जनपद सदस्य दुबे के द्वारा तानाखार, पोड़ी उपरोड़ा, कोनकोना, बांझीबन, गुरडुमुड़ा, घुंचापुर, रिंगनिया, सरभोंका, लेपरा, पुटुवा, बनखेता, पोड़ीखुर्द, हरदेवा, कोरबी, तनेरा, जलके, मिसिया, रोदे, सासिन, बनिया, सिरकीकला में कराये गये कार्यों की जांच कराने की भी मांग अक्षय कुमार गर्ग ने की है। शिकायत की प्रतिलिपि मुख्यमंत्री, जिला पंचायत सीईओ, पोड़ी उपरोड़ा एसडीएम व जनपद सीईओ को भी प्रेषित की गई है।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा, महिला बाल विकास ने जारी किए कार्यक्रम




**कोरबा,** 12 दिसंबर (देशबन्धु)। महिला बाल विकास विभाग द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा राष्ट्रव्यापी अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु जिला पंचायत के सभाकक्ष में समस्त सीडीपीओ और पर्यवेक्षकों की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती प्रीति खोखर चखियार ने विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम से जुड़ी गतिविधियों की जानकारी दी। जागरूकता वाहन नगरीय निकाय एवं ग्राम पंचायतों में भ्रमण करेगा। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के द्वारा समुदाय आधारित गतिविधि सुपोषण चौपाल, टीएचआर वितरण दिवस, गृह भेंट के दौरान समस्त हितग्राहियों को कार्यक्रम की जानकारी दी जाएगी। स्वस्थ बालक स्पर्धा मापदण्ड, मासिक वृद्धि निगरानी, बच्चे की व्यक्तिगत स्वच्छता पोषण स्तर, 3 से 5 साल के बच्चे का गर्म भोजन, 6 माह से 3 वर्ष के आयु के बच्चों हेतु %रेडी टू ईट' टीकाकरण, कृमिनाशक आदि मापदंडों में 50 अंक में आंकलन किया जाएगा। स्वस्थ बालक स्पर्धा के लिए मूल्यांकन टीम आईसीडीएस परियोजना अधिकारी पर्यवेक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, पंचायत प्रतिनिधि, वार्ड सदस्य, स्वास्थ्य अमला व शिक्षक होंगे।

इसी प्रकार मेरी कहानी मेरी जुबानी'' के अन्तर्गत लाभार्थियों द्वारा योजना के लाभ के बारे में उनके अनुभव बताने के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत से 5 लाभार्थियों की पहचान करना और उसका स्क्रिप्ट तैयार कर ऑनलाइन पोर्टल में जानकारी दर्ज किया जाना है। विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के द्वारा कार्यक्रम स्थल में ऑन-स्पॉट पंजीकरण किया जाएगा। बैठक में श्रीमती चखियार व जिला महिला बाल विकास अधिकारी गजेंद्र देव सिंह के द्वारा कार्य योजना तैयार किया गया।

## स्वच्छाग्रहियों द्वारा डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण का किया जा रहा कार्य

**कोरबा,** 12 दिसंबर (देशबन्धु)। स्वच्छता ही सेवा (स्वच्छ भारत अभियान) के तहत कलेक्टर सौरभ कुमार के मार्गदर्शन में जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छाग्रहियों द्वारा डोर टू डोर कचरा संग्रहण का कार्य प्राथमिकता से किया जा रहा है। साथ ही उनके द्वारा मोहल्ले एवं वार्डो की भी साफ सफाई की दिशा में कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में नगर निगम के कोसाबाड़ी जोन वार्ड क्रमांक 22 व 23 एवं रविशंकर जोन क्रमांक 24 में स्वच्छता अभियान चलाया गया। नगर के टैक्सी स्टैण्ड, खेल मैदान, सामुदायिक भवन के साथ-साथ सुभाष चौक के आस-पास क्षेत्र के आवासीय परिसरों, सड़कों के किनारे फैले हुए अपशिष्ट पदार्थो, मलबा, कचरा आदि की सफाई किया गया तथा घरों, दुकानों से उत्सर्जित अपशिष्ट को सड़कों तथा सार्वजनिक स्थलों पर नहीं फेंकने हेतु नगर वासियों में जागरूकता अभियान चलाया गया।

## पत्रकार पर हमला करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार, मुख्य आरोपी फरार हुआ



**कोरबा,** 12 दिसंबर (देशबन्धु)। पत्रकार पर हमले के आरोपियों में से तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इन्हें कोर्ट में पेश किया गया जहां से जमानत निरस्त हो जाने के बाद जेल दाखिल करने के लिए ले जाया जा रहा था कि रास्ते से मुख्य आरोपी फरार हो गया।

बता दें कि 26 अगस्त की रात करीब 10 बजे घंटाघर के समीप युवा पत्रकार उमेश यादव पर प्राण घातक हमला करने वाले करीब एक दर्जन लोगों में शामिल तीन आरोपियों को मानिकपुर चौकी पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया। मुख्य आरोपी राहुल चौहान निवासी पोड़ीबहार, विजय कंवर निवासी दर्री और अर्जुन यादव पंप हाउस कॉलोनी निवासी को कोर्ट में पेश किया गया। इनके विरुद्ध लूट का मामला दर्ज है इसलिए जमानत के अभाव में तीनों को जेल भेजने का निर्देश अदालत ने दिया। राहुल, विजय और अर्जुन को लेकर पुलिसकर्मी राजेश दुबे, संजय साहू और रतन कुमार जिला जेल ले जा रहे थे। जेल के समीप राहुल चौहान पुलिस कर्मियों को चकमा देकर फरार हो गया। अब फिर से फरार हो गए राहुल चौहान की तलाश करने के लिए कोरबा पुलिस ने एड़ी चोटी का जोर लगा दिया है। उमेश यादव के साथ मारपीट के अलावा सोने की चेन,3 मोबाइल और लगभग डेढ़ लाख रुपए नगद की लूटपाट भी की गई थी। उमेश की कार में भी तोड़ फोड़ की गई।

इस मामले के आरोपियों के तार राखड़ परिवहन और निस्तार में लगी कंपनी से जुड़े होना बताया जा रहा है।

# फसल बीमा योजना प्रचार रथ रवाना, बीमा के आवेदन 31 तक




**कोरबा,** 12 दिसंबर (देशबन्धु)। वर्ष 2023-24 अंतर्गत पुनर्गठित मौसम आधारित उद्यानिकी रबी फसल टमाटर, बैगन, फूलगोभी, पत्तागोभी, प्याज एवं आलू के लिए बीमा हेतु अंतिम तिथि 31 दिसंबर तक निर्धारित की गई है। इसी तारतम्य में सीईओ विश्वदीप ने पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना का किसानों को लाभ पहुंचाने हेतु जनजागरूकता के लिए मोबाइल वैन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

उद्यान विभाग की सहायक संचालक श्रीमती आभा पाठक ने बताया कि शासन द्वारा साग-सब्जी की खेती करने वाले उद्यानिकी कृषकों को प्रतिकूल मौसम से होने वाले क्षति से बचाने के लिए मौसम आधारित फसल बीमा योजना लागू की गई है। इच्छुक ऋणी-अऋणी किसान अपने नजदीकी लोक सेवा केन्द्र, बैंक शाखा, सहकारी समिति या बीमा कम्पनी, भारतीय कृषि बीमा कम्पनी के प्रतिनिधि से सम्पर्क कर अपने उद्यानिकी फसलों का बीमा के लिए 31 दिसंबर तक आवेदन जमा करा सकते हैं। इच्छुक कृषकों को घोषणा पत्र के साथ फसल बुआई प्रमाण पत्र अथवा प्रस्तावित फसल बोने के आशय का स्वघोषणा पत्र सहित संबंधित अन्य जरूरी दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा। चयनित उद्यानिकी फसलों का बीमा कराए जाने के लिए किसानों को उन फसलों के लिए निर्धारित ऋणमान का 05 प्रतिशत प्रीमियम राशि के रूप में देना होगा, शेष प्रीमियम की राशि 50-50 प्रतिशत राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार द्वारा दिया जाएगा।

### जमा करनी होगी यह अंश राशि

अधिसूचित फसलों में टमाटर के लिए बीमित राशि प्रति हेक्टेयर 88 हजार रूपए एवं कृषक अंश राशि प्रति हेक्टेयर 44 रूपए निर्धारित है। बैंगन के लिए बीमित राशि 57 हजार एवं कृषक अंश 285 रूपए, फूलगोभी के लिए बीमित राशि 54 हजार रूपए एवं कृषक अंश राशि 27 रूपए, पत्तागोभी के लिए बीमित राशि 54 हजार रूपए एवं कृषक अंश राशि 27 रूपए, प्याज के लिए बीमित राशि 55 हजार रूपए एवं कृषक अंश राशि 275, आलू के लिए बीमित राशि 96 हजार रूपए एवं कृषक अंश राशि 48 रूपए जमा करना होगा।

### इन जोखिमों पर मिलेगा लाभ

किसानों को विभिन्न मौसमी जोखिम जैसे कम या अधिक तापमान, कम या अधिक वर्षा या बेमौसम वर्षा, बीमारी अनुकूल मौसम कीट एवं व्याधि, ओलावृष्टि एवं चक्रवाती हवाएं, हवा की गति से फसलों को होने वाली क्षति से फसल बीमा का नियमानुसार लाभ प्राप्त होगा। रबी मौसम के टमाटर, बैगन, फूलगोभी, पत्तागोभी, प्याज एवं आलू फसल हेतु ओलावृष्टि हवाएं की स्थिति में कृषक इसकी सूचना सीधे बीमा कम्पनी के टोल फ्री नं. 18-419-344/14447 पर अथवा लिखित रूप में 72 घंटे के भीतर संबंधित बैंक, स्थानीय राजस्व, उद्यानिकी, कृषि अधिकारी अथवा जिला उद्यान अधिकारी को बीमित फसल के ब्यौरे, क्षति की मात्रा तथा क्षति का विवरण सहित सूचित कर सकते हैं।

## प्रशांत बेड़े में दो नई परमाणु पनडुब्बियां शामिल होंगी : पुतिन

**मॉस्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा है कि कि देश के प्रशांत बेड़े में दो नयी परमाणु पनडुब्बियां सम्राट अलेक्जेंडर-3 और क्रास्नोयार्स्क जल्द ही शामिल की जाएंगी। श्री पुतिन ने दोनों पनडुब्बियों के ध्वजारोहण समारोह में कहा कि बहुत जल्द पानी के अंदर मिसाइल वाहक सम्राट अलेक्जेंडर-3 और क्रास्नोयार्स्क प्रशांत बेड़े में अपना कार्य शुरू करेंगे। क्रास्नोयार्स्क एक बहुउद्देशीय परमाणु पनडुब्बी है जिसे 30 जुलाई, 2021 को जलावतरण किया गया था। उन्नत रेडियो-इलेक्ट्रॉनिक हथियार प्रणालियों, उपकरणों और सामग्रियों के साथ, यह परमाणु संचालित जहाजों की चौथी पीढ़ी से संबंधित है।

# देश विदेश

# युद्ध के बाद संयुक्त राष्ट्र के साथ इजरायल के संबंध बेहद खराब : इजरायली राजनयिक

**नई दिल्ली**, 12 दिसम्बर (एजेंसियां)। दो महीने पहले फिलिस्तीनी आतंकवादी समूह हमास के साथ देश का युद्ध शुरू होने के बाद से संयुक्त राष्ट्र के साथ इजराइल के रिश्ते बेहद खराब हो गए हैं। यह बात इज़राइल के विदेश मंत्रालय प्रभाग के उप महानिदेशक अमीर

■ संयुक्त राष्ट्र ने मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा के 75 वर्ष पूरे किए



वीसब्रॉड ने कही। अंतरराष्ट्रीय संगठनों के साथ काम करने वाले इज़राइल के विदेश मंत्रालय प्रभाग के उप महानिदेशक अमीर वीसब्रॉड ने सोमवार को एक ऑनलाइन मीडिया ब्रीफिंग के दौरान कहा, संयुक्त राष्ट्र के साथ हमारे संबंधों में युद्ध एक महत्वपूर्ण क्षण है। सोमवार को, संयुक्त राष्ट्र ने मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा के 75 वर्ष पूरे किए। वीसब्रोड ने पक्षपातपूर्ण व्यवहार के लिए संयुक्त राष्ट्र महिला, यूनिसेफ और मानवीय मामलों के समन्वय के लिए संयुक्त राष्ट्र कार्यालय (ओसीएचए) की आलोचना की। उन्होंने कहा कि पहली दो संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों ने हमास द्वारा इजरायली महिलाओं के खिलाफ की गई लैंगिक हिंसा, 7 अक्टूबर को देश के दक्षिण में कृषि-आधारित समुदायों पर हमले या दर्जनों बच्चों के अपहरण की पर्याप्त निंदा नहीं की है, इनमें से कई अभी भी बंदी हैं। .उन्होंने तीसरी संयुक्त राष्ट्र एजेंसी पर कॉस्टल एन्क्लेव में मानवीय स्थिति या सहायता वितरण की आंशिक रिपोर्टिंग का आरोप लगाया।

इज़राइल में हमास के नरसंहार में कम से कम 1,200 लोग मारे गए और बच्चों और बुजुर्गों सहित लगभग 240 लोगों को बंधकों के रूप में गाजा ले जाया गया। एक अस्थायी युद्धविराम होने पर दिसंबर की शुरुआत में 201 फिलिस्तीनी कैदियों के बदले में 105 इजरायली और विदेशी बंधकों को रिहा कर दिया।

वीसब्रोड ने कहा, केवल एक चीज जिसकी हमें उम्मीद थी वह निष्पक्षता और सहानुभूति है। उन्होंने कहा कि हमास के हमलों के बाद क्षेत्र में संयुक्त राष्ट्र के दूत को दक्षिणी इज़राइल का दौरा करने में तीन सप्ताह लग गए।


## गाजा में फिलीस्तीनियों की मौत का आंकड़ा 18 हजार के पार

**गाजा।** गाजा में स्वास्थ्य मंत्रालय ने घोषणा की है कि 7 अक्टूबर से हमास-इजरायल संघर्ष के परिणामस्वरूप गाजा पट्टी में फिलीस्तीनियों के मरने वालों की संख्या 18,000 से अधिक हो गई है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, मंत्रालय के प्रवक्ता अशरफ अल-केदरा ने सोमवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि 24 घंटों के दौरान 208 फिलिस्तीनियों के शवों को गाजा पट्टी के अस्पतालों में स्थानांतरित कर दिया गया और इजरायली हमले में 416 फिलिस्तीनी घायल हो गए। अल-केदरा के अनुसार, सोमवार तक हमास-इज़राइल संघर्ष में कुल 18,205 फिलिस्तीनी मारे गए हैं और 49,645 अन्य घायल हुए हैं। उन्होंने दुनिया भर की मेडिकल टीमों से घायलों के लिए जीवन रक्षक अभियानों में मदद करने के लिए गाजा पट्टी जाने का आह्वान किया और कहा कि सैकड़ों घायल लोग इलाज के लिए गाजा छोड़ने का इंतजार कर रहे हैं।

# गाजा को कतर का सहयोग जारी रहेगा : कतर

**दोहा,** 12 दिसम्बर (एजेंसियां)। कतर के विदेश मंत्री मोहम्मद बिन अब्दुलअजीज अल-खुलैफी ने कहा कि कतर गाजा को सहयोग जारी रखेगा, जैसा कि वह वर्षों से करता आ रहा है। अब्दुलअजीज अल-खुलैफी ने कहा, हम अपना जनादेश नहीं बदलने जा रहे हैं। हमारा जनादेश फिलिस्तीन के हमारे भाइयों और बहनों के लिए हमारी निरंतर सहायता और समर्थन है। हम इसे व्यवस्थित रूप से करना जारी रखेंगे जैसा हमने पहले किया था। कतर के विदेश मंत्री की टिप्पणी खाड़ी देश द्वारा हमास को वर्षों से किए जा रहे भुगतान को लेकर इजराइल में बढ़े गुस्से के खिलाफ आई है। एक डील के तहत कतर हर महीने 15 मिलियन डॉलर की नकद मदद गाजा को करता है। नकद मदद से गाजा के सिविल सेवकों को भुगतान करने में मदद मिलती है। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, 2018 की तस्वीरों में कर्मचारी 100 डॉलर के बिल प्राप्त करने के लिए कतार में खड़े दिख रहे हैं।

इजराइल ने प्रधान मंत्री के रूप में पिछले बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यकाल के दौरान अगस्त 2018 में एक सुरक्षा कैबिनेट बैठक में



हर महीने गाजा की आर्थिक रूप से मदद करता है कतर

इस सौदे को मंजूरी दी थी। उस समय हमास के प्रति नरम रुख अपनाने के लिए नेतन्याहू की आलोचना की गई थी। गाजा में कतर के दूत मोहम्मद अल इमादी द्वारा नवंबर 2018 में नकदी का पहला सूटकेस देने के बाद, नेतन्याहू ने इस पहल का बचाव किया। नेतन्याहू ने कहा था, मैं दक्षिण के (इज़राइली) गांवों में शांति लौटाने के लिए सुरक्षा विशेषज्ञों के साथ समन्वय में हर संभव प्रयास कर रहा हूं, साथ ही (गाजा में) मानवीय आपदा को रोकने के लिए भी।

## सुडोकू 6404


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | 2 | 3 | | 7 | | | |
| 3 | | 5 | | 9 | | | | |
| | | | 6 | | | | | |
| | 7 | 9 | | | | | 3 | 5 |
| | 2 | | 7 | | 4 | | 9 | |
| 5 | 4 | | | | | 2 | 8 | |
| | | | | | 3 | | | |
| | | | | 6 | | 7 | | 1 |
| | | | 5 | | 9 | 8 | 6 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6404



**बायें से दायें:-**

१. किसी महाजन-व्यापारी आदि के हिसाब की किताबें
३. नापाक, अशुद्ध
५. जो कभी न टूटे
६. निवासी
७. चंद्रमा
९. प्रार्थी, सवाल करने वाला (उर्दू)
१०. एक दैत्य जिसका वध श्रीकृष्ण ने किया था
१२. दिलचस्प, रुचिकर
१३. रिश्ता, लगाव
१४. डर से घबराया हुआ
१६. खोपड़ी, माथा
१८. लक्ष्मी
२०. हिंसक पशु (उर्दू)
२१. प्रतिपक्षी को लड़ने के लिए दी जानेवाली चुनौती
२३. पिशाच की तरह क्रूर स्वभाव वाला मनुष्य

**ऊपर से नीचे:-**

१. वर्षा
२. गले के नीचे से शुरू होने वाली नली जिससे भोजन पेट में पहुंचता है
३. अनुमान, अंदाजा
४. मुख्यालय, प्रतिरोध
५. मुताबिक
८. लाल कमल
१०. बचा हुआ, अवशेष, बाकी रकम
११. दोष या खराबी दूर करने की क्रिया या भाव
१२. रोकने वाला, विघ्न, रुकावट
१३. युद्ध
१४. बहुत से लोगों का बदहवास होकर एक साथ भागना
१५. अपनी तौल के बराबर अन्न-द्रव्य आदि का दाम
१७. खड़ाऊ, चप्पल
१८. हरगिज
१९. लोभ
२२. ध्वनि, आवाज

### वर्ग पहेली-6403

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ अ | प | २ न | य | ३ न | ■ | ४ अ | प | ५ रा | न्ह |
| ना | ■ | य | ■ | ६ र | क्त | प | ■ | ह | ■ |
| ७ व | स | न | ■ | सं | ■ | ८ का | लां | त | ९ र |
| र्सी | ■ | ज | ■ | १० हा | जि | र | ■ | ■ | क्ष |
| ■ | ११ गु | ल | १२ जा | र | ■ | ■ | १३ बा | ध | क |
| ■ | ना | ■ | हि | ■ | १४ ब | ह | रा | ■ | द |
| १५ बे | ह | १६ त | र | ■ | हु | ■ | १७ त | १८ र | ल |
| गु | ■ | र | ■ | १९ दौ | ल | २० त | ■ | ह | ■ |
| २१ ना | स्ति | क | ■ | रा | ■ | २२ र | स | म | २३ य |
| ह | ■ | २४ श | ब | न | म | ■ | ■ | ■ | दि |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

# दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : बुधवार 13 दिसम्बर, 2023 अगहन शुक्ल पक्ष 1**

## राशिफल

मेष - आज कोई नया काम शुरू कर सकते हैं। ज्योतिष और आध्यात्मिक विषयों में आपकी रुचि बनी रहेगी। अपनी वाणी और व्यवहार को संयमित रखना आपके ही हित में रहेगा।

वृषभ - दिन की शुरुआत आनंद-प्रमोद से होगी। कोई नए मित्र आपके जीवन में आ सकते हैं। पर्यटन या प्रवास का आयोजन हो सकता है। दोपहर के बाद सावधानी बरतने की सलाह आपको दी जाती है।

मिथुन - आज का आपका दिन मनोरंजन और आनंद लूटने का है। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। कार्यालय में सहयोगपूर्ण वातावरण रहेगा। मित्रों के साथ पर्यटन स्थल पर जाने का आयोजन होगा।

कर्क - आज समय थोड़ा कठिन बना रहेगा, लेकिन आपके परिश्रम में कमी नहीं रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पेट दर्द की शिकायत हो सकती है। विद्यार्थियों को पढ़ाई में सफलता मिलेगी।

सिंह - आज हर काम सावधानीपूर्वक करें। मानसिकरूप से तनाव रहेगा। कुछ अस्वस्थता का अनुभव कर सकते हैं। परिजनों के साथ किसी बात पर विवाद हो सकता है। ऐसे समय में संयम बरतना ही हितकर होगा।

कन्या - आपको लाभ होगा। भाग्यवृद्धि का योग दिख रहे हैं। संबंधों में प्रेम और सम्मान की प्रधानता रहेगी। दोपहर के बाद किसी बात को लेकर आप चिंतित रह सकते हैं। इससे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य बिगड़ सकता है।

तुला - शारीरिक और मानसिक रूप से स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। पारिवारिक झगड़े में वाणी पर संयम रखना होगा। नेगेटिविटी मन पर छायी रहेगी। घर के सदस्यों के साथ किसी बात का कनफ्यूजन बना रहेगा।

वृश्चिक - आज का आपका दिन मध्यम फलदायी है। सुख और संतोष का अनुभव होगा। परिजनों के साथ आनंदपूर्वक दिन गुजरेगा। आज शुभ समाचार मिलेंगे। दोपहर के बाद परिवार में झगड़े का वातावरण रह सकता है।

धनु - आज दुर्घटना के योग हैं। हर मामले में ध्यान से रहें। अचानक किसी बात पर धन खर्च होगा। स्वभाव में कुछ उग्रता रहेगी। दोपहर के बाद स्थिति सुधरेगी। शारीरिक और मानसिक प्रसन्नता रहेगी।

मकर - आज का दिन व्यापार-व्यवसाय और जॉब करने वालों के लिए अच्छा है। पुत्र और पत्नी से आर्थिक लाभ होगा। सांसारिक जीवन में सुखद प्रसंग बनने से मन खुश रहेगा।

कुंभ - आज का दिन लाभकारी है। व्यापार के क्षेत्र में आप को लाभ प्राप्त होगा। घर-परिवार और समाज में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। नौकरी में पदोन्नति होगी। अधिकारी आपके काम से खुश रहेंगे। स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा।

मीन - साहित्यिक गतिविधि में आज आपकी रुचि बनी रहेगी। आज कोई नए काम शुरू कर पाएंगे। किसी धार्मिक यात्रा के योग हैं। विदेश में रहने मित्र तथा स्नेहीजनों से बातचीत हो सकती है।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## डर के साए में अफगानिस्तानी विशेष बल के कई जवान

**लंदन,** 12 दिसम्बर (एजेंसियां)। ब्रिटेन में स्थानांतरण की प्रतीक्षा में पाकिस्तान में फंसे लगभग दो सौ अफगानिस्तानी विशेष बल कर्मियों को वापस अफगानिस्तान जाना पड़ रहा है जहां वे तालिबानियों खिलाफ मोर्चा संभाल चुके हैं। बीबीसी की रिपोर्ट में बताया गया कि अफगानिस्तान तालिबान द्वारा काबुल पर कब्ज़ा करने के बाद ब्रिटेन द्वारा प्रशिक्षित और वित्त पोषित कर्मी पाकिस्तान भाग गए। इन अफगानिस्तान कमांडो के लिए भय तब पैदा हुआ, जब उन्हें यह पता चला कि सरकार ने उन प्रमुख अफगानिस्तान नेताओं को शरण देने की वरिष्ठ ब्रिटिश राजनयिक और सैन्य हस्तियों की कॉल को भी खारिज कर दिया, जिनकी जान खतरे में थी। यह खुलासा होने के बाद कि ब्रिटेन सरकार ने अफगानिस्तान के हेलमंद प्रांत में ब्रिटेन और अमेरिका के साथ काम करने वाले 32 पूर्व गवर्नरों और अधिकारियों के लिए 'तत्काल मदद' के आह्वान पर ध्यान नहीं दिया, अफगान सैनिकों का भविष्य अधर में नजर आ रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि न केवल पूर्व अफगानिस्तान विशेष बल के कर्मियों को बल्कि ब्रिटेन की मदद करने वाले अफगानिस्तान नागरिकों को भी अकेला छोड़ दिया गया। हेलमंद के गार्मसिर जिले के पूर्व गवर्नर मोहम्मद फहीम ने बीबीसी को कहा, अफगान तालिबान जानते हैं कि हम अंतरराष्ट्रीय ताकतों के साथ मिलकर लड़ रहे थे, इसलिए मेरे लिए खतरा ज्यादा है।

# पोलैंड में संसद ने डोनाल्ड टस्क को प्रधानमंत्री के रूप में चुना

**वारसॉ,** 12 दिसम्बर (एजेंसियां)। पोलैंड की संसद ने सोमवार को मध्यमार्गी पार्टी के नेता डोनाल्ड टस्क को प्रधानमंत्री के रूप में चुन लिया, जिससे आठ साल के राष्ट्रीय रूढ़िवादी शासन के बाद यूरोपीय संघ समर्थक नयी सरकार का मार्ग प्रशस्त हो गया। श्री टस्क को राष्ट्रीय चुनाव के लगभग दो महीने बाद प्रधानमंत्री चुना गया है, जो वामपंथी से लेकर उदारवादी रूढ़िवादी पार्टियों तक की जीत है। पार्टियां अलग-अलग टिकटों पर चुनाव लड़ीं, लेकिन लोकतांत्रिक मानकों को बहाल करने और सहयोगियों के साथ संबंधों में सुधार के लिए श्री टस्क के नेतृत्व में मिलकर काम करने का वादा किया है। संसद के 460 सीटों वाले निचले सदन में श्री टस्क के समर्थन में सोमवार को 201 के मुकाबले 248 वोट पड़े। श्री टस्क ने सोमवार को मतदान की प्रत्याशा में एक्स पर लिखा, रेडी स्टेडी गो! श्री टस्क को मंगलवार को संसद में भाषण देना है। इसके साथ ही उन्हें मंत्रिमंडल पेश करना और अपनी नयी सरकार के लिए विश्वास मत का सामना करना है। इसके बाद उन्हें राष्ट्रपति आंद्रेज डूडा द्वारा शपथ दिलाई जाएगी। यह कार्यवाही बुधवार को होने की उम्मीद है। श्री टस्क का चुनाव पूर्व प्रधानमंत्री माटुस्ज़ मोराविकी की सरकार के सोमवार को संसद में विश्वास मत हारने के बाद हुआ है।

यूरोपीय संघ समर्थक नई सरकार का मार्ग प्रशस्त हुआ



# सोलह दिसम्बर को अंतरराष्ट्रीय बौद्ध धम्म परिषद समारोह का आयोजन

**नई दिल्ली**, 12 दिसम्बर (एजेंसियां)। आगामी 16 दिसंबर को मुंबई के रेसकोर्स स्तिथ महालक्ष्मी मैदान में अंतरराष्ट्रीय बौद्ध धम्म परिषद का आयोजन किया जा रहा है जिसमें विश्व के 18 देशों के बौद्ध प्रतिनिधि भाग लेंगे और मुख्य अतिथि के रुप में तिब्बत के बौद्ध धर्म गुरु दलाई लामा होंगे। आयोजन समिति के अध्यक्ष एवं केंद्र सरकार में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्यमंत्री रामदास आठवले ने मंगलवार को यहां संवाददाताओं को यह जानकारी दी।

अंतरराष्ट्रीय बौद्ध धम्म परिषद के मुख्य आयोजक एवं डॉ बाबासाहेब अंबेडकर धम्म परिषद के अध्यक्ष श्री आठवले ने कहा कि बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने 14 अक्टूबर सन 1956 को नागपुर में लाखों लोग के साथ बौद्ध धर्म की दीक्षा ली थी। बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी 16 दिसंबर 1956 को मुंबई के रेसकोर्स स्थित महालक्ष्मी मैदान में बौद्ध धम्म दीक्षा समारोह आयोजित करने की योजना बनाई थी लेकिन बाबा साहब के महापरिनिर्वाण के चलते



■ 18 देशों के बौद्ध प्रतिनिधि भाग लेंगे

आयोजन हो नहीं पाया था। बाबा साहब के उस अधूरे सपने को साकार करने के लिए आगामी 16 दिसंबर 2023 को अपराह्न चार बजे विशाल बौद्ध धम्म परिषद का आयोजन किया जा रहा है। रिपब्लिकन पार्टी आफ इंडिया (आठवले)के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री आठवले ने बताया कि तथागत महामानव गौतम बुद्ध के सत्य ,अहिंसा ,मानवता, करुणा के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए आयोजित होने समारोह में चीन,अमेरिका जापान , वियतनाम, थाईलैंड, म्यामार, दक्षिण कोरिया , ताइवान, श्रीलंका , कंबोडिया, इंडोनेशिया, लाओस, नेपाल , रूस, बंगलादेश, सिंगापुर सहित कई देश के प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे ।

## न्यूजीलैंड में प्रकाश प्रदूषण का देशी वन्य जीवन पर प्रभाव

**वेलिंग्टन,** 12 दिसम्बर (एजेंसियां)। न्यूजीलैंड में कृत्रिम प्रकाश प्रदूषण के देशी वन्य जीवन पर पर्यावरणीय प्रभाव के बारे में जागरुकता लाने की जरुरत है। मंगलवार को प्रकाशित एक नए शोध में इस आवश्यकता पर बल दिया गया। न्यूजीलैंड जर्नल ऑफ इकोलॉजी में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार, रात में कृत्रिम रोशनी, जिसे दुनिया भर में सबसे तेजी से बढ़ने वाला प्रदूषक माना जाता है, न्यूजीलैंड में तेजी से बढ़ी है और इसका देश के पौधों और जानवरों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा है। शोध के लेखक एलेन सिएराड ने कहा कि पिछले दशक में प्रकाशित सतह क्षेत्र में 37 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, और चमक में 87 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो वैश्विक औसत से भी तेज है। श्री सिएराड ने कहा, %%हमारे आस-पास के पौधे और जानवर अंधेरे और प्रकाश की अनुमानित लय पर भरोसा करते हैं जिसके तहत उनका विकास हुआ। उन्होंने कहा, रात में बहुत अधिक रोशनी चमगादड़, कीड़े और समुद्री पक्षी जैसे जानवरों की दैनिक दिनचर्या और व्यवहार को बाधित कर सकती है और पेड़ों के विकास और मौसमी चक्र को प्रभावित कर सकती है। शोध के सह-लेखक ब्रिजेट फर्नवर्थ ने आगे बताया कि समय या प्रकाश की तीव्रता में छोटे बदलाव शाम को रहने वाले जानवरों पर प्रभाव को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

### सुडोकू 6404 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 2 | 3 | 8 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 3 | 8 | 5 | 2 | 9 | 1 | 6 | 7 | 4 |
| 1 | 9 | 7 | 6 | 4 | 5 | 3 | 2 | 8 |
| 6 | 7 | 9 | 1 | 2 | 8 | 4 | 3 | 5 |
| 8 | 2 | 3 | 7 | 5 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 5 | 4 | 1 | 9 | 3 | 6 | 2 | 8 | 7 |
| 7 | 5 | 6 | 8 | 1 | 3 | 9 | 4 | 2 |
| 9 | 3 | 8 | 4 | 6 | 2 | 7 | 5 | 1 |
| 2 | 1 | 4 | 5 | 7 | 9 | 8 | 6 | 3 |

## आज का इतिहास

1675-सिक्ख गुरु तेग बहादुर दिल्ली में शहीद हुए।
1772-नारायण राव सतारा के पेशवा बने।
1916-आस्ट्रिया के टायरॉल में हिमस्खलन से 24 घंटे में 10,000 ऑस्ट्रियाई और इतालवी सैनिकों की मौत।
1920-नीदरलैंड के हेग में लीग ऑफ नेशंस का अंतरराष्ट्रीय न्यायालय स्थापित।
1921-बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय का उद्घाटन %प्रिंस ऑफ वेल्स% ने किया था।
1926-भारत के भूतपूर्व 22वें मुख्य न्यायाधीश कमल नारायण सिंह का जन्म।
1937-चीन और जापान के बीच हुए नानज़िंग के युद्ध में जापानियों की जीत हुई। इसके बाद लंबे समय तक नरसंहार और अत्याचार का दौर चला।
1955-गोवा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर पर्रीकर का जन्म।
1959-आर्क विशप वकारियोस साइप्रस के प्रथम राष्ट्रपति चुने गए।
1961-मंसूर अली ख़ान पटौदी ने अपना टेस्ट मैच करियर दिल्ली में इंग्लैंड के खिलाफ शुरू किया था।
1974-माल्टा गणतंत्र बना।
1977-माइकल फरेरा ने राष्ट्रीय बिलिय?र्ड्स चैंपियनशिप में नये नियमों के तहत 1149 अंक का सर्वाधिक ब्रेक लगाया।
1981-पोलैंड में सेना द्वारा सत्ता पर कब्ज़ा।
1986-हिन्दी फ़िल्मों की प्रसिद्ध भारतीय अभिनेत्री स्मिता पाटिल का निधन।
1989-गृह मंत्री मुफ़्ती मोहम्मद सईद की बेटी को आतंकवादियों के चंगुल से छुड़ाने के बदले पांच कश्मीरी आतंकवादियों को जेल से रिहा किया गया।
1996-कोफी अन्नान संयुक्त राष्ट्र के महासचिव चुने गये।
1998-महात्मा रामचन्द्र वीर को कोलकाता के बड़ा बाज़ार लाइब्रेरी की ओर से 'भाई हनुमान प्रसाद पोद्दार राष्ट्र सेवा' पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
2001-दिल्ली स्थित भारतीय संसद पर आतंकवादी हमला।

**आयोजन** मिशिगन में अगले साल 27 फरवरी को राष्ट्रपति पद के लिए प्राइमरी चुनाव होंगे

# मिशिगन, जॉर्जिया में बाइडेन से आगे हैं ट्रम्प : सर्वेक्षण

**वाशिंगटन,** 12 दिसम्बर (एजेंसियां)। पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप मिशिगन और जॉर्जिया में जो बाइडेन से आगे चल रहे हैं। मौजूदा राष्ट्रपति के काम के प्रदर्शन व नीतिगत स्थिति के बारे में नकारात्मक विचार हैं।

सोमवार को जारी सीएनएन सर्वेक्षणों से पता चला कि जॉर्जिया में, एक राज्य जो बाइडेन 22 में बहुत कम अंतर से आगे बढ़े, पंजीकृत मतदाताओं का कहना है कि वे राष्ट्रपति पद के लिए बााइडेन (44 प्रतिशत) पर ट्रम्प (49 प्रतिशत) को पसंद करते हैं।

मिशिगन में, जहां बाइडेन ने व्यापक अंतर से जीत हासिल की, ट्रम्प को बाइडेन के 40 प्रतिशत के मुकाबले 50 प्रतिशत का समर्थन है, 10 प्रतिशत ने कहा कि वे किसी भी उम्मीदवार का समर्थन नहीं करेंगे। कुल मिलाकर, मिशिगन में केवल 35 प्रतिशत और जॉर्जिया में 39 प्रतिशत ने बााइडेन के कार्य प्रदर्शन को मंजूरी दी, जैसा कि सर्वेक्षण से पता चलता है, और दोनों राज्यों में बहुमत का कहना है कि उनकी नीतियों ने देश में आर्थिक स्थिति



खराब कर दी है (जॉर्जिया में 54 प्रतिशत और मिशिगन में 56 प्रतिशत)।

दोनों राज्यों के अधिकांश मतदाताओं का कहना है कि बाइडेन, जो 81 वर्ष के हैं, में वे गुण नहीं हैं जो वे एक राष्ट्रपति में तलाश रहे हैं (मिशिगन में 57 प्रतिशत, जॉर्जिया में 56 प्रतिशत)। प्रत्येक राज्य में बहुत कम लोग कहते हैं कि 77 वर्षीय ट्रम्?प राष्ट्रपति के लिए उनकी अपेक्षाओं से कम हैं। लेकिन स्वभाव के मामले में ट्रम्प का प्रदर्शन बााइडेन से बदतर है - मिशिगन में 57 प्रतिशत और जॉर्जिया में 58.57 प्रतिशत लोगों का कहना है कि पूर्व राष्ट्रपति के पास वह स्वभाव नहीं है, जिसकी वे तलाश कर रहे हैं, जबकि बाइडेन के बारे में लगभग आधे लोग यही कहते हैं।

## ट्रंप ने आयोवा में प्रतिद्वंद्वियों पर अभूतपूर्व बढ़त बनाई

**वाशिंगटन।** आयोवा कॉकस के लिए अब सिर्फ पांच हफ्ते बाकी रह गए हैं, इस बीच पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फ्लोरिडा के गवर्नर रॉन डेसेंटिस और निक्की हेली पर अभूतपूर्व बढ़त बना ली है। देश में सबसे ज्यादा महत्व रखने वाले राज्य न्यू हैम्पशायर चुनाव में दूसरे स्थान पर है। ट्रंप ने आयोवा में फ्लोरिडा के गवर्नर रॉन डेसेंटिस पर 32 अंकों की भारी बढ़त (51-19) के साथ अभूतपूर्व बढ़त बना ली है, जिन्हें राज्य के गवर्नर का समर्थन प्राप्त है। डेस मोइनेस रजिस्टर/एनबीसी न्यूज/मीडियाकॉम आयोवा पोल के अनुसार, एक समय ट्रंप के सबसे अच्छे प्रतिद्वंद्वी रहे डेसेंटिस नंबर दो की स्थिति के लिए संघर्ष कर रहे हैं, जहां पूर्व संयुक्त राष्ट्र राजदूत निक्की हेली तीन अंकों के साथ काफी दूरी पर हैं, तकनीकी रूप से वह भी इस दौड़ में जगह बना रही हैं।

## दुनिया को जानें

# जापान में सबसे उम्रदराज महिला का निधन

**टोक्यो,** 12 दिसम्बर (एजेंसियां)। जापान में सबसे बुजुर्ग महिला की मंगलवार सुबह ओसाका प्रान्त के काशीवारा में निधन हो गया। वह 116 वर्ष की थीं। स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी। क्योडो न्यूज के अनुसार, बुजुर्ग महिला फुसा तात्सुमी का जन्म 25 अप्रैल, 1907 को हुआ था। उन्होंने अपनी जिंदगी के आखिरी दिनों को काशीवारा के एक नर्सिंग होम में बिस्तर पर बिताए थे। स्वास्थ्य, श्रम और कल्याण मंत्रालय के अनुसार, फुकुओका में 119 वर्षीय महिला की मृत्यु के बाद अप्रैल 2022 में तात्सुमी जापान में सबसे बुजुर्ग जीवित महिला थीं। जनवरी 2023 तक, दुनिया की सबसे उम्रदराज़ जीवित महिला स्पेन की मारिया ब्रान्यास मोरेरा हैं, जो अब 116 साल की हैं। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के अनुसार, उनका जन्म चार मार्च 1907 को हुआ।



# खेल जगत

## किंग कप सेमीफाइनल में पहुंची रोनाल्डो की टीम

**रियाद,** 12 दिसंबर (एजेंसियां)। अल नासर टीम ने यहां अल शबाब क्लब स्टेडियम में सऊदी अरब के घरेलू टूर्नामेंट किंग कप के क्वार्टर फाइनल में अल शबाब को 5-2 से हराकर प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली। इवोरियन मिडफील्डर सेको फोफाना ने 17वें मिनट में अल नासर के लिए गोल किया। सेनेगल के फॉरवर्ड सादियो माने ने 28वें मिनट में बढ़त दोगुनी की। फिर, अब्दुर्रहमान ग़रीब ने 45वें मिनट में टीम के लिए तीसरा गोल किया। 74वें मिनट में कप्तान क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने चौथा गोल किया, जबकि मोहम्मद मारन ने 9वें मिनट में पांचवां गोल कर सोमवार रात आसान जीत दर्ज की। वहीं, अल शबाब के लिए कारलोस (24%) और हत्तन बाहेबरी (9%) ने एक-एक गोल किया।



# उत्तम सिंह के निर्णायक गोल से भारत ने जू. हॉकी विश्व कप के क्वॉर्टर में नीदरलैंड को 4-3 से हराया

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**14 दिसंबर : सेमीफाइनल भारत वि. जर्मनी (शाम साढ़े तीन बजे से)**




नई दिल्ली, 12 दिसंबर (देशबन्धु)। गोलरक्षक मोहित के शुरू के दो क्वॉर्टर में तथा मैन ऑफ द' मैच रशर रोहित के आखिर दो मिनट में रोके आधा दर्जन पेनल्टी कॉर्नर की बदौलत तीन बार पिछड़ने के बाद गजब की वापसी कर कप्तान उत्तम सिंह के खेल खत्म होने से तीन मिनट पहले अंतिम पेनल्टी कॉर्नर पर दागे निर्णायक गोल की बदौलत भारत ने मजबूत नीदरलैंड को क्वालालंपुर में 13 वें एफआईएच जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप के सांस रोक देने वाले रोमांचक क्वॉर्टर फाइनल में मंगलवार सुबह 4-3 से हरा दिया। भारत और जर्मनी की जूनियर टीम लगातार दूसरी बार सेमीफाइनल में आमने सामने होंगी। भारत की जूनियर टीम के पास जर्मनी से 2021 में भुवनेश्वर में जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप के सेमीफाइनल में मिली 2-4 की हार का हिसाब चुकता करने का मौका है। हयूगो वान मोाटीजल्स और याकूब के तीसरे क्वॉर्टर में दागे एक एक गोल से जर्मनी की जूनियर टीम ने पूल ए में शीर्ष पर रही मौजूदा चैंपियन अर्जेंटीना को 2-1 से हराया। पराजित अर्जेंटीना की ओर एकमात्र गोल ऑगस्टीन बोनानो ने चौथे और आखिरी क्वॉर्टर के शुरू में दागा।

भारत की जूनियर टीम के लिए स्ट्राइकर उत्तम सिंह, नौजवान स्ट्राइकर अर्जुन आदित्य लालगे, सौरभ आनंद कुशवाहा, अरिजित सिंह हुंदल ने एक-एक गोल दागा। भारत की जूनियर टीम के स्ट्राइकर उत्तम, अर्जुन, सौरभ व हुंदल ने लिंकमैन के रूप में खेलने वाले राजिंदर सिंह और विष्णुकांत सिंह तथा सुखविंदर और अमनदीप लाकरा द्वारा बराबर आगे बढ़ाई गेंद पर खासतौर पर आखिर के दो क्वॉर्टर में नीदरलैंड की जूनियर टीम के गोल पर हमलों का ऐसा तांता बांधा की उसे अपना किला महफूज रखना मुश्किल हो गया। टमो बोरिस, पेपिन वान डेर हिजन और ओलिवर होरिन्टयूस ने पेनल्टी कॉर्नर पर तीन बार गोल कर नीदरलैंड की ओर से शुरू के तीन क्वॉर्टर में तीन बार बढ़त दिलाई। भारत की जूनियर टीम के बड़ा जिगरा दिखाने वाले नौजवानों की तारीफ करनी होगी कि पिछडने के बावजूद उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और अपने जीवट से न केवल बराबरी पाई बल्कि क्वॉर्टर फाइनल जीतने में भी सफल रही।

नीदरलैंड की जूनियर ने आक्रामक अंदाज में आगाज किया और टिमो बोरिस ने पांचवें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर गोल कर अपनी टीम को 1-0 से आगे कर दिया। पेपिन वान डेर हिजन ने दूसरे क्वॉर्टर के पहले ही मिनट में पेनल्टी कॉर्नर गोल कर नीदरलैंड को 2-0 से आगे कर उसकी मैच मजबूत पकड़ बना दी। भारत की जूनियर टीम के गोलरक्षक मोहित की तारीफ करनी होगी कि उन्होंने शुरू के दो शुरू क्वॉर्टर में करीब आधा दर्जन बेहतरीन बचाव कर नीदरलैंड की बढ़त 2-0 से ही सीमित रखी।

कप्तान उत्तम सिंह और अर्जुन आदित्य लालगे के साथ सौरभ और अरिजित हुंदल की चौकड़ी का तीसरे क्वॉर्टर के शुरू से पूरी ताकत हमलें पर झोंकना भारत की जूनियर टीम के काम आया। भारत की जूनियर टीम के आदित्य अर्जुन लालगे ने राजिंदर सिंह से डी भीतर दाएं मिली गेंद को तीसरे क्वॉर्टर के चौथे मिनट में गोल में डाल स्कोर 1-2 कर दिया। तीन मिनट बाद रोहित के लंबे स्कूप पर डी के भीतर लालगे ने जैसे ही अपनी स्टिक पर लेने की कोशिश की नीदरलैंड के खिलाड़ी ने उनकी स्टिक खींची और इस पर मिले पेनल्टी स्ट्रोक को अरिजित सिंह हुंदल ने गोल में बदल कर भारत की जूनियर टीम को 2-2 की बराबरी क्या दिलाई की पूरी टीम में मानों नींद से जाग गई। बस यही से मैच नीदरलैंड की जूनियर टीम के हाथ से फिसल गया। भारत की जूनियर टीम के बराबरी पाने के बाद नीदरलैंड ने पूरी ताकत फिर हमलों में झोंक दी और तीसरा क्वॉर्टर खत्म होने से एक मिनट पहले एक के बाद एक लगातार तीन पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए । तीसरे पेनल्टी कॉर्नर पर बोरिस ने सीधे शॉट न लेकर %डमी' कर गेंद दाएं ओलिवर ओलिवर होरिन्टयूस की ओर बढ़ाई और उन्होंने तेज फ्लिक से गोल कर नीदरलैंड की जूनियर टीम को फिर 3-2 से आगे कर दिया। भारत की जूनियर टीम के खिलाड़ियों ने चौथे क्वॉर्टर में तेज आगाज किया और मैच के 52 वें मिनट में राजिंदर सिंह के डी के भीतर तेज शॉट को नीदरलैंड के गोलरक्षक डैन टफर्न ने पैड से रोका लेकिन लौटती गेंद को डी के भीतर खड़े सौरभ कुशवाहा ने लपक कर गोल में डाल भारत की जूनियर टीम को तीन- तीन की बराबरी दिला। बराबरी पाने के बाद भारत की जूनियर टीम ने अपने हमले तेज कर दिए और पांच मिनट के भीतर एक के बाद एक लगातार तीन पेनल्टी कॉर्नर अर्जित किए और इन पर शुरू के दो पेनल्टी कॉर्नर पर रोहित के ड्रैग फ्लिक को नीदरलैंड के गोलरक्षक टफर्न रोका और तीसरे पर इस सीधा शॉट लेने के बजाय विष्णुकांत ने गेंद बाएं खड़े कप्तान उत्तम सिंह की ओर पुश की और इस पर उत्तम सिंह ने अचूक जमीनी शॉट जमा मैच के 57 वें मिनट में गोल कर भारत की जूनियर टीम को 4-3 से आगे कर दिया। नीदरलैंड की जूनियर टीम ने आखिरी तीन मिनट में पांच पेनल्टी कॉर्नर किए लेकिन भारत की जूनियर टीम के रशर रोहित ने चार पर तेज फरार्टा लगा इसे अपनी स्टिक पर लेकर रोका और एक पर गोलरक्षक मोहित ने बेहतरीन बचाव किया। भारत की जूनियर टीम ने अपनी 4-3 की बढ़त को आखिर तक बरकरार जीत के साथ सेमीफाइनल में स्थान बना लिया।

# लंबे अंतराल के बाद टेस्ट खेलने का इंतजार है : स्मृति मंधाना



मुंबई, 12 दिसंबर (एजेंसियां)। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट के दस वर्षों में स्मृति मंधाना ने केवल चार महिला टेस्ट मैच खेले हैं। अगले तीन हफ्तों में, वह दो टेस्ट मैचों का हिस्सा बनने वाली हैं - इंग्लैंड के खिलाफ यहां डीवाई पाटिल स्टेडियम में गुरुवार से शुरू होने वाला एकमात्र टेस्ट और 23 दिसंबर से वानखेड़े में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ। स्मृति और भारतीय महिला टीम ने आखिरी टेस्ट दो साल पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ कैनबरा में खेला था जो ड्रॉ पर समाप्त हुआ था। गुरुवार को यहां डीवाई पाटिल स्टेडियम में इंग्लैंड महिलाओं के खिलाफ शुरू होने वाला एकमात्र टेस्ट 2014 के बाद भारत में खेला जाने वाला पहला महिला टेस्ट भी है। वह टेस्ट मैसूर में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ था जिसे भारत ने पारी और 34 रन से जीता था। मंधाना ने उस मैच में केवल 8 रन बनाए, जबकि हरमनप्रीत कौर, जो गुरुवार से शुरू होने वाले टेस्ट में भारत का नेतृत्व कर रही थीं, ने नौ विकेट (5-44 और 4-41) लिए, जिससे भारत ने व्यापक जीत दर्ज की। स्मृति के साथ, हरमनप्रीत कौर उस भारतीय महिला क्रिकेट टीम का हिस्सा थीं जो भारत में खेले गए आखिरी टेस्ट मैच के लिए मैदान पर उतरी थी और इसलिए जब भारत गुरुवार से शुरू होने वाले चार दिवसीय टेस्ट में इंग्लैंड के खिलाफ मैदान में उतरेगा तो उन पर ध्यान केंद्रित होगा। टीम में कई युवा खिलाड़ी शामिल हैं जिन्होंने कोई टेस्ट क्रिकेट नहीं खेला है और इसलिए वे मार्गदर्शन के लिए स्मृति और हरमनप्रीत से उम्मीद करेंगे। खिलाड़ियों को मल्टी-डे क्रिकेट खेलने के लिए बहुत कुछ अनुकूलित करने की आवश्यकता होगी और वे घरेलू सर्किट पर केवल टी20 या 50 ओवर के मैच ही खेलेंगे। स्मृति मंधाना ने मंगलवार को टेस्ट शुरू होने से दो दिन पहले कहा, हम टेस्ट मैच क्रिकेट खेलने के लिए उत्साहित हैं। हमने अपना आखिरी टेस्ट घरेलू मैदान पर 2014 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैसूर में खेला था। मुझे लगता है कि हम घरेलू मैदान पर फिर से व्हाइट पहनने के लिए वास्तव में उत्साहित हैं और वहां जाओ और सफेद पोशाक में भारत का प्रतिनिधित्व करो। मुझे लगता है कि पिछले दो वर्षों में यह पूरी तरह से एक अलग एहसास है। हालांकि खिलाड़ी कुछ वर्षों के बाद खेल का लंबा संस्करण खेलेंगे, मंधाना ने कहा कि वे खिलाड़ियों की खेल शैली को बदलने की कोशिश नहीं करेंगी और चीजें जैसे-जैसे आगे बढ़ेंगी, स्थिति की मांग के अनुसार खुद को ढालेंगी। हालांकि मंधाना सहित अधिकांश खिलाड़ी तीन मैचों की टी20 सीरीज खेलने के बाद टेस्ट मैच में उतरेंगे, जिसमें भारत इंग्लैंड से 2-1 से हार गया था, मंधाना ने कहा कि सफेद गेंद से लाल गेंद क्रिकेट में स्विच करना ज्यादा कठिन नहीं होगा।

मंधाना ने कहा, अगर आप खुद को मानसिक रूप से तैयार करते हैं तो मुझे नहीं लगता कि यह बहुत मुश्किल है। मुझे नहीं लगता कि यह कोई बड़ा बदलाव है क्योंकि, आप जानते हैं, यह खुद को लागू करने के बारे में है। बल्लेबाजी ऐसी नहीं है कि मैं बहुत सारी तकनीक बदलने जा रही हूं। या, आप जानते हैं, मैं बहुत सी चीजें बदलने जा रही हूं। यह किसी भी चीज से ज्यादा धैर्य के मानसिक बदलाव के बारे में है, आप जानते हैं, आपको खुद को लागू करना होगा और खेलना होगा, उस चरण की मांग के अनुसार खेलना होगा। मैं मुझे लगता है कि यह वास्तव में महत्वपूर्ण होगा क्योंकि मैं टीम में किसी को भी अपनी बल्लेबाजी तकनीक या गेंदबाजी तकनीक में बदलाव करते नहीं देखती हूं। इसमें बहुत समय लगता है। इसलिए निश्चित रूप से ये दो दिन हमारे लिए महत्वपूर्ण होने वाले हैं। मंधाना ने चार टेस्ट मैचों में 46.42 की औसत से 325 रन बनाए हैं, जिसमें एक शतक और दो अर्धशतक शामिल हैं।

# भारत के खिलाफ माइकल वॉन ने दी इंग्लैंड को चेतावनी



**नई दिल्ली,** 12 दिसंबर (एजेंसियां)। पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने भारत दौरे से पहले इंग्लैंड को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि उन्हें यकीन नहीं है कि उनका आक्रामक रवैया, जिसे अक्सर बैजबॉल कहा जाता है। वो एक विश्व स्तरीय टीम और खतरनाक स्पिन आक्रमण जिसमें रविचंद्रन अश्विन और रवींद्र जड़ेजा शामिल हैं, उनके आगे कायम रख सके। इंग्लैंड भारत का दौरा करने के लिए तैयार है। इसीबी ने सोमवार रात को अपनी टीम की घोषणा की, जिसमें विशेष रूप से चार विशेषज्ञ स्पिनरों की प्रभावशाली संख्या शामिल है जो बदलते उपमहाद्वीप की चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के लिए तैयार हैं।

एशेज के दौरान इंग्लिश मैदान पर ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर नाथन लियोन की सफलता की ओर इशारा करते हुए, जहां उन्होंने आमतौर पर स्पिनरों के लिए प्रतिकूल मानी जाने वाली परिस्थितियों में 9 विकेट लिए, वॉन ने कहा कि जब इंग्लैंड को मजबूत भारतीय स्पिन आक्रमण का सामना करना पड़ेगा। जिसमें अश्विन, जडेजा और अक्षर पटेल शामिल हैं, तो उनके होश उड़ सकते हैं। वॉन ने फॉक्स स्पोर्ट्स से कहा, दुनिया में खेलने के लिए सबसे कठिन जगह भारत है और अगर आप वास्तव में एशेज पर जाएं, जब नाथन लियोन फिट थे और अच्छी गेंदबाजी कर रहे थे, तो ऑस्ट्रेलिया सीरीज में 2-0 से आगे था। इंग्लैंड 25 जनवरी से 11 मार्च तक 5 टेस्ट खेलेगा और इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने सोमवार को श्रृंखला के लिए 16 सदस्यीय टीम की घोषणा की।

# फ्रेंचाइजी क्रिकेट नहीं राष्ट्रीय कर्तव्य को प्राथमिकता देते हैं शाकिब



**नई दिल्ली,** 12 दिसंबर (एजेंसियां)। बांग्लादेश के अनुभवी खिलाड़ी शाकिब अल हसन तीनों प्रारूपों में अपने अंतर्राष्ट्रीय करियर को लंबा करने के लिए फ्रेंचाइजी क्रिकेट में अवसरों को छोड़ने के लिए तैयार हैं। वो आगामी टी20 वर्ल्ड कप को ध्यान में रखकर टी20 टीम में वापसी करने की योजना बना रहे हैं। शाकिब इस समय आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप के दौरान पिछले महीने लगी उंगली की चोट से जूझ रहे हैं। वो अपना इरादा बना चुके हैं कि वो फ्रेंचाइजी क्रिकेट नहीं राष्ट्रीय कर्तव्य को प्राथमिकता देंगे और उनकी रणनीति खेल के तीनों प्रारूपों में अपने देश के लिए खेलना है।

पांच वनडे विश्व कप के अनुभवी खिलाड़ी दुनिया भर में घरेलू सफेद गेंद टूर्नामेंट में भाग लेने का अवसर छोड़ने के लिए तैयार हैं, क्योंकि वह यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि वो अपने देश के लिए नेतृत्व करना जारी रखें। आईसीसी वेबसाइट ने शाकिब के हवाले से कहा, मैंने आईपीएल में अपना नाम नहीं दिया था। इसलिए, वहां एक विंडो मिलेगी और जब मेरे मैनेजर ने पीएसएल में मेरा नाम दिया तो मैंने उन्हें वो भी वापस लेने के लिए कहा और अब मेरा नाम पीएसएल में भी नहीं है। इसलिए मेरी योजना यह सारा समय राष्ट्रीय टीम को देने की है। उन्होंने आगे कहा, मैं तीन प्रारूपों में खेल रहा हूं और उम्मीद करता हूं कि मैं इसे जारी रख सकूं। लेकिन, भविष्य के बारे में और क्या होने वाला है इसके बारे में कोई नहीं जानता। मगर अब तक मेरी लंबे समय तक क्रिकेट खेलने की इच्छा है। बांग्लादेश ने विश्व कप में केवल दो जीत के साथ संघर्ष किया, लेकिन उन्होंने दमदार प्रदर्शन के साथ वापसी की। जब उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू धरती पर हाल ही में आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप श्रृंखला ड्रा कराई।

अब वे अपना ध्यान इस महीने के अंत में न्यूजीलैंड में होने वाली सफेद गेंद की श्रृंखला पर केंद्रित कर रहे हैं। शाकिब खेलने के लिए तैयार थे लेकिन उन्हें चोट के पुनर्वास पर ध्यान केंद्रित करने के लिए इसे छोड़ने की सलाह दी गई थी।

शाकिब ने कहा, मैं उम्मीद कर रहा था कि मैं वनडे और टी20 सीरीज के लिए न्यूजीलैंड जाऊंगा क्योंकि अब टीम दौरे के लिए रवाना हो रही है। मैं उसी तरह से योजना बना रहा था क्योंकि मुझे लगा कि मैं चार सप्ताह तक ठीक हो जाऊंगा। लेकिन मैंने दो दिन पहले एक डॉक्टर से सलाह ली थी और उन्होंने मुझे इंतजार करने के लिए कहा क्योंकि मुझे पूरी तरह फिट में होने में थोड़ा समय और लगेगा।

# न्यूजीलैंड की महिला टीम ने पाकिस्तान को 131 रनों से हराया



**क्वीन्सटाउन** 12 दिसंबर (एजेंसियां)। न्यूजीलैंड की महिला टीम ने बेट्स 108 रनों की शतकीय पारी और बेजुइडेनहाउट 86 रन, केर 83 रन, डिवाइन 70 रनों की अर्धशतकीय पारी की बदौलत पाकिस्तान को पहले एकदिवसीय मुकाबले 131 रनों हरा कर तीन मैचों की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त बना ली है। न्यूजीलैंड की सलामी बल्लेबाजों सुजी बेट्स और बर्नाडाइन बेजुइडेनहाउट ने पहले पावरप्ले में 51 रन बनाकर अच्छी शुरुआत की।

बेजुइडेनहाउट ने 18वें ओवर में 50 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया, वहीं बेट्स ने 22वें ओवर में 57 गेंदों पर अपना अर्धशतक बनाया। अमेलिया केर ने बेट्स के साथ अच्छी बल्लेबाजी करते हुए रनों की गति को बढ़ाये रखा। बेट्स ने 38वें ओवर में चौका लगाकर अपना शतक पूरा किया। हालाँकि उन्हें अगले ओवर में उम्म-ए-हानी ने 108 के स्कोर पर आउट कर दिया। 44वें ओवर में डार चेहरे पर गेंद लगने के कारण चोटिल हो गई। न्यूजीलैंड में महिला एकदिवसीय मैच में यह पहली बार हुआ कि किसी टीम की शीर्ष चार बल्लेबाजों में से सभी ने 70 रन या उससे अधिक रन बनाए है। न्यूजीलैंड ने निर्धारित 50 ओवर में चार विकेट पर 365 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। 366 रन के बड़े लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान ने भी ठोस शुरुआत की अमीन और मुनीबा अली ने नौवें ओवर में 50 रन की साझेदारी की। अमीन ने 14वें ओवर में 51 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया। डिवाइन को 19वें ओवर में सफलता मिली, उन्होंने मुनीबा को 44 रन पर आउट कर पवेलियन वापस भेज दिया। फ्रैन जोनास ने इसके बाद डार की जगह बल्लेबाजी करने आयी सदफ शमास को 10 रन पर आउट कर दिया। इसके बाद न्यूजीलैंड के गेंदबाजों ने पाकिस्तान की गति काफी धीमी कर दिया। हालांकि इस दौरान अमीन ने इस प्रारूप में अपना चौथा शतक बनाया और वह 105 रन पर रन आउट हुई।

# वापसी से पहले कुवैत में प्रशिक्षण कर रहे हैं राफेल नडाल

**नई दिल्ली,** 12 दिसंबर (एजेंसियां)। राफेल नडाल की एटीपी टूर में जल्द वापसी करीब आ रही है। 2024 ब्रिस्बेन इंटरनेशनल में वापसी की उनकी यात्रा में 31 दिसंबर से 7 जनवरी तक होने वाले टूर्नामेंट से होनी है। स्पैनियार्ड ने कुवैत में राफेल नडाल अकादमी की यात्रा की, जो 2020 में शेख जाबेर अल-अब्दुल्ला अल-जबर अल-सबा अंतर्राष्ट्रीय टेनिस कॉम्प्लेक्स में खुली। वहां, उन्होंने 19 वर्षीय फ्रांसीसी आर्थर फिल्स के साथ एक प्रशिक्षण सत्र साझा किया, जो हाल ही में नेक्स्ट जेन एटीपी फाइनल्स के खिताबी मुकाबले में पहुंचे थे। नडाल ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, कुवैत में कुछ दिनों के लिए प्रशिक्षण प्राप्त करना बहुत अच्छा है। हर कोई स्वागत कर रहा है। हर चीज के लिए धन्यवाद। एटीपी की रिपोर्ट के अनुसार, नडाल ने ऑस्ट्रेलियाई गर्मियों में कुछ ही हफ्तों में मिलने वाले तापमान और स्थितियों की तलाश में कुवैत की यात्रा की। स्पैनियार्ड, जिसने हाल ही में अपनी वापसी के बारे में सतर्क उत्साह का संदेश पोस्ट किया था। इस साल 18 जनवरी को मैकेंज़ी मैकडोनाल्ड के खिलाफ ऑस्ट्रेलियन ओपन के दूसरे दौर में कोर्ट में उतरने के बाद पहली बार प्रतिस्पर्धा करने की तैयारी कर रहा है। नडाल ने कहा, मैंने पिछली प्रेस कॉन्फ्रेंस में जो कहा था कि मैं प्रेस रूम में अपने खेल करियर को समाप्त नहीं कर सकता। मैं एक अलग तरीके से समाप्त करना चाहूंगा और मैंने संघर्ष किया है और वापसी करने के लिए तैयार हूं।

# पहले महिला टी2 मैच में भारत ने नेपाल को 8 रन से हराया

**मुंबई,** 12 दिसंबर (एजेंसियां) बिनीता पुन की 92 रनों की साहसिक पारी बेकार चली गई, क्योंकि भारत ने यहां पुलिस जिमखाना क्रिकेट ग्राउंड में पहली बार नेत्रहीन महिला द्विपक्षीय टी20 सीरीज में नेपाल को 8 रनों से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए, भारत ने निर्धारित 20 ओवरों में 194/4 रन बनाए और फिर नेपाल को 186/4 पर रोक दिया क्योंकि मेहमान लक्ष्य का पीछा करने में विफल रहे। सोमवार की जीत के साथ, भारत ने नेत्रहीन महिलाओं की द्विपक्षीय श्रृंखला में 1-0 की बढ़त ले ली है। 195 रनों का पीछा करते हुए, नेपाल ने भारतीय गेंदबाजों पर पूरी तरह से हमला बोल दिया, क्योंकि बिनीता पुन ने सनसनीखेज अर्धशतक लगाया और मेहमान टीम ने 11 ओवर में 100 रन बनाए।

नेपाल ने 12वें ओवर में मनकेशी चौधरी का विकेट जरूर गंवाया, हालांकि बिनीता ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा और 18वें ओवर में स्कोर 170 रन तक पहुंचा दिया. जब सिर्फ 25 रन चाहिए थे तो भारत ने वापसी की और 8 विकेट हाथ में होने के बावजूद नेपाल को रन नहीं बनाने दिया। नेपाल ने दो और विकेट खोए और 186/4 पर सिमट गया।

फुला सारेन को उनके हरफनमौला प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। उन्हें ट्रॉफी और प्रमाणपत्र के साथ 5000/- रुपये का नकद पुरस्कार मिला। भारत और नेपाल अब मंगलवार को उसी स्थान पर दूसरे टी20 मैच में आमने-सामने होंगे। इससे पहले दिन में भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया।

# 2024 में दिल्ली कैपिटल्स के लिए वापसी कर सकते हैं ऋषभ पंत




**नई दिल्ली,** 12 दिसम्बर (एजेंसियां)। आईपीएल 2024 में कप्तान के तौर पर ऋषभ पंत दिल्ली कैपिटल्स के लिए वापसी करने को तैयार हैं। ईएसपीएनक्रिकइंफ़ो को पता चला है कि फ़्रैंचाइज़ी को उम्मीद है कि दिसंबर 2022 में कार एक्सीडेंट में चोटिल होने के बाद 2023 सीज़न नहीं खेलने वाले पंत फ़रवरी के अंत तक पूरी तरह से फ़टि हो जाएंगे।

इसकी पुष्टि नहीं हुई है कि क्या वह विकेटकीपर बल्लेबाज़ के तौर पर वापसी करेंगे या एक विशेषज्ञ बल्लेबाज़ के तौर पर लेकिन फ़्रैंचाइज़ी कप्तान और बल्लेबाज़ की भूमिका से ही ख़ुश है।

पंत की आईपीएल वापसी के पहले संकेत नवंबर में मिले थे, जब उन्होंने कोलकाता में दिल्ली कैपिटल्स कैंप में हिस्सा लिया था। इस कैम्प में सीनियर फ़्रैंचाइज़ी सहायक स्टाफ़ सौरव गांगुली (डायरेक्टर ऑफ़ क्रिकेट), रिकी पोंटिंग (प्रमुख कोच) और प्रवीण आमरे (सहायक कोच) भी मौजूद थे।

पंत ने रिटेंशन और रिलीज़ किये जाने वाले खिलाड़ियों पर चर्चा की थी क्योंकि आने वाली 19 दिसंबर को दुबई में नीलामी होनी है। कार एक्सीडेंट के कारण पंत के दायें घुटने में गंभीर चोटें आई थीं और वह 2023 में पूरी तरह से क्रिकेट से दूर रहे। इसके बाद पंत की सर्जरी हुई और उन्होंने बेंगलुरु स्थित राष्ट्रीय क्रिकेट एकेडमी में रिहैब किया।

पिछले महीनों में उन्होंने कई वीडियो पोस्ट किए जिसमें उन्होंने बताया कि रिकवरी प्लान के मुताबिक चल रही है। उन्होंने बल्लेबाज़ी तो शुरू कर दी है लेकिन यह पुष्टि नहीं हुई है कि वह कीपिंग भी करेंगे।

जुलाई से बीसीसीआई की ओर से पंत पर कोई आधिकारकि अपडेट नहीं आई है। बीसीसीआई ने तब कहा था कि रिहैब में वह काफ़ी सुधार कर रहे हैं और नेट्स पर बल्लेबाज़ी और कीपिंग दोनों कर रहे हैं। अगर अगले साल फ़रवरी तक एनसीए द्वारा पंत को मंज़ूरी दे दी जाती है, जैसा कि फ़्रैंचाइज़ी को उम्मीद है, तो 2022 के अंत में बांग्लादेश दौरे में खेलने के बाद आईपीएल पहला टूर्नामेंट होगा जिसमें वह खेलेंगे।

पिछले सीज़न में पंत की अनुपस्थिति में दिल्ली ने डेविड वॉर्नर को अंतरिम कप्तान नियुक्त किया था। वे 14 मैचों में पांच जीत और नौ हार के साथ नीचे से दूसरे स्थान पर रहे थे।

## सार संक्षेप

### जिम्बाब्वे श्रीलंका दौरे पर तीन एकदिवसीय और तीन टी-3 मैच खेलेगा

**हरारे।** आगले साल होने वाले टी-2 विश्वकप के लिए क्वालीफाइ करने में विफल रही जिम्बाब्वे क्रिकेट टीम जनवरी में श्रीलंका दौरे पर तीन एकदिवसीय और तीन टी-2 मैच खेलेगी। टी-2 विश्वकप के मद्देनजर जिम्बाब्वे का यह दौरा श्रीलंकाई टीम के लिए उपयोगी होगा। श्रीलंका को इसी के साथ ही अगले वर्ष की शुरुआत में अफगानिस्तान और बंगलादेश के खिलाफ टी-2 श्रृंखलाएं भी खेलनी हैं। जिम्बाब्वे यह दौरा छह, आठ और 11 जनवरी को खेले जाने वाले एकदिवसीय मैचों के साथ शुरू होगा और इसके बाद 14, 16 और 18 जनवरी को टी-2 मैच खेले जायेंगे। सभी मैच कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में होंगे।

### स्टिमैक ने एशिया कप के लिए जारी की 5 सदस्यीय संभावित सूची

**नई दिल्ली।** सीनियर इंडिया नेशनल टीम के मुख्य कोच इगोर स्टिमैक ने अगले महीने दोहा में होने वाले एएफसी एशियन कप कतर 223-24 के लिए संभावित खिलाड़ियों की 5 सदस्यीय सूची की मंगलवार को घोषणा की। भारत को ग्रुप बी में ऑस्ट्रेलिया (13 जनवरी), उज्बेकिस्तान (18 जनवरी) और सीरिया (23 जनवरी) के साथ रखा गया है। प्रत्येक समूह से शीर्ष दो टीमें चार सर्वश्रेष्ठ तीसरे स्थान पर रहने वाले फिनिशरों (छह में से) के साथ राउंड 16 में अपनी जगह बनाएंगी। **5 सदस्यीय संभावित सूची :** **गोलकीपर :** गुरप्रीत सिंह संधू, अमरिंदर सिंह, विशाल कैथ, धीरज सिंह, गुरुमीत सिंह चहल। **डिफेंडर :** नाओरेम रोशन सिंह, विकाश युमनाम, लालचुंगनुंगा, संदेश झिंगन, निखिल पुजारी, चिंगलेनसाना सिंह, प्रीतम कोटाल, होर्मिपम रुइवा, सुभाशीष बोस, आशीष राय, आकाश मिश्रा, मेहताब सिंह, राहुल भेके, नरेंद्र गहलोत, अमेय राणावाडे। **मिडफील्डर :** सुरेश सिंह वांगजम, रोहित कुमार, ब्रैंडन फर्नांडिस, उदांता सिंह कुमाम, यासिर मोहम्मद, जैक्सन सिंह थौनाओजम, अनिरुद्ध थापा, सहल अब्दुल समद, ग्लेन मार्टिंस, लिस्टन कोलासो , दीपक टांगरी, लालेंगमाविया राल्टे, विनित राय, निन्थोइंगानबा मीतेई, नाओरेम महेश सिंह. **फॉरवर्ड :** सुनील छेत्री, रहीम अली, फारुख चौधरी, नंदकुमार सेकर, शिव शक्ति नारायणन, राहुल केपी, इशान पंडिता, मनवीर सिंह, कियान नासिरी, लालियानजुआला चांगटे, गुरकीरत सिंह, विक्रम प्रताप सिंह, बिपिन सिंह, पार्थिब गोगोई, जेरी माविहमिंगथांगा।

उल्टा पुल्टा

पिंटू– मम्मी आप तो कहती थीं कि परी उड़ती है फिर अपनी मौसी उड़ती क्यों नहीं?

मम्मी– उसको परी किसने कहा?

पिंटू – डैडी ही उन्हें परी कहकर बुला रहे थे।

मम्मी– तो फिर बेटा आज तेरी मौसी भी उड़ेगी और साथ में तुम्हारे पापा भी...

# जिले में 14 दिसम्बर से शुरू होगी विकसित भारत संकल्प यात्रा

## कलेक्टर ने टीएल बैठक में की लंबित मामलों के निराकरण की समीक्षा

### यात्रा की सफलता के लिए अफसरों को सौंपी गई जिम्मेदारी

### मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह का जीवंत प्रसारण देख सकेगी जनता



**बिलासपुर,** 12 दिसम्बर (देशबन्धु) ।कलेक्टर अवनीश शरण ने आज समय–सीमा की बैठक में विकसित भारत संकल्प यात्रा की तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की और जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में भारत सरकार और राज्य सरकार की लाभकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी और जिन नागरिकों को इस योजना का लाभ नहीं मिला है उन्हें योजना के पूरी प्रक्रिया की जानकारी दी जाएगी। जिले में 14 दिसम्बर से विकसित भारत संकल्प यात्रा शुरू होगी। रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में 13 दिसम्बर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह का लाईव प्रसारण ग्राम पंचायत से लेकर जिला मुख्यालय तक जनता के देखने सुनने के लिए जिला प्रशासन द्वारा इंतजाम किया जा रहा है। जिला स्तर पर शपथ ग्रहण समारोह का लाईव प्रसारण स्व0 लखीराम अग्रवाल ऑडिटोरियम में होगा।

जिला कार्यालय के मंथन सभाकक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान योजनाओं की जानकारी लोगों को दी जाएगी और पात्र हितग्राहियों को आवश्यकतानुसार योजनाओं से लाभान्वित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में निर्धारित रूट के अनुसार कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। उन्होंने यात्रा हेतु रूटचार्ट तैयार करने और प्रचार–प्रसार के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जिले में ग्रामीण क्षेत्रों में 8 वाहनों एवं शहरी इलाकों में 04 वैन द्वारा सरकारी योजनाएं लोगों के दरवाजे तक पहुंचेगी। शहरी क्षेत्र के लिए मुंगेली नाका ग्राउन्ड में 14 तारीख से दो कैम्प का आयोजन किया जाएगा। सुबह 08 से 12 बजे तक एक कैम्प और दोपहर 01 बजे से 05 बजे तक दूसरा कैम्प आयोजित होगा। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए नोडल अधिकारियों, वैन प्रभारियों एवं पोर्टल में एन्ट्री करने वाले तकनीकी अमले को प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। कलेक्टर ने ध्वनि प्रदूषण और नर्सिंग होम से संबंधित शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश सभी एसडीएम को दिए। उन्होंने लोगों से जुड़ी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए इस पर भी तुरंत कार्रवाई करने कहा। इसमें किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने धान खरीदी की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को धान खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण करने कहा। उन्होंने धान के उठाव की भी जानकारी ली। कलेक्टर ने लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता को एयरपोर्ट का निरीक्षण कर सभी अधूरे काम जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। इसके अलावा कलेक्टर ने टीएल के लंबित मामलों को प्राथमिकता के साथ निराकृत करने कहा। बैठक में नगर निगम कमिश्नर कुणाल दुदावत, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अजय अग्रवाल, एडीएम आरए कुरूवंशी, शिवकुमार बनर्जी सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

## संपादकीय

### नयी सरकार का स्वागत और सहयोग करें

*तीन दिसम्बर को निकले विधानसभा चुनाव के नतीजों में भारतीय जनता पार्टी को मिले बहुमत के आधार पर नयी सरकार बुधवार को शपथ लेने जा रही है। साईंस कॉलेज प्रांगण में होने वाले समारोह में नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय अपने दोनों उप मुख्यमंत्री अरूण साव एवं विजय शर्मा के साथ शपथ ग्रहण करेंगे। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा का आना तय है। इसके अलावा उत्तर प्रदेश व असम के मुख्यमंत्री क्रमशः योगी आदित्यनाथ व हिमंता विस्व सरमा आदि को भी आमंत्रित किया गया है।*

*एक तरह से बुधवार से छत्तीसगढ़ की नयी सरकार काम करना प्रारम्भ कर देगी। यह आशा की जाये कि साय सरकार ने जो वादे एवं गारंटियां दी थीं, उनसे सम्बन्धित निर्णय वह तत्काल लेगी। धान उत्पादकों का दो वर्षों का बकाया बोनस 25 दिसम्बर तक देने का ऐलान पहले ही साय कर चुके हैं, आशा है कि अन्य आश्वासनों पर भी वे जल्दी अमल शुरू करेंगे। नयी शासकीय दरों की प्रतीक्षा में किसानों ने अपना धान रोककर रखा हुआ है। इसके अलावा, पिछले कुछ दिनों से मिचौंग तूफान के कारण धान गीला हो गया है। हालांकि पिछले दो दिनों से निकली धूप में वह सूखने लगा है। तो भी इन कारणों से धान बिक्री में विलम्ब हो गया है। साय सरकार की पहली प्राथमिकता यही होनी चाहिये कि वह यथाशीघ्र धान खरीदी में तेजी लाये। अनेक स्थानों पर उपार्जन केन्द्र बन्द पड़े हैं उन्हें न केवल वह फिर से खुलवाए वरन उनमें उपार्जित धान को सुरक्षित रखने का समुचित प्रबन्ध भी कराये। भाजपा की पिछली रमन सिंह सरकार खरीदे गये धान को सुरक्षित रखने के लिये स्थायी गोदाम बनवाना चाहती थी। अक्सर बेमौसम की बारिशों के चलते हर साल कुछ न कुछ मात्रा में उपार्जित धान गीला होकर सड़ जाता है। नयी सरकार को चाहिये कि वह उस काम को पूरा करे। विकास के जितने भी सूचकांक हैं, उन सभी पर काम किये जाने की आवश्यकता है। शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, सिंचाई, सड़क, पेय जल, सुपोषण, बाल व महिला विकास, आदिवासी उत्थान आदि क्षेत्रों में अभी काफी काम किये जाने की आवश्यकता है।*

*नयी सरकार से उम्मीद है कि वह सभी पूर्ववर्ती सरकारों के अच्छे कामों को आगे भी जारी रखेगी। आवश्यकता महसूस हो तो उनमें संशोधन करे। इसके अलावा उसे अपने विकास कार्यक्रमों को इस प्रकार से निर्धारित करना होगा कि सभी वर्गों एवं क्षेत्रों को एक सा लाभ मिले। शहरी, ग्रामीण तथा आदिवासी सभी इलाकों में एक सरीखी प्रगति हो। समावेशी व टिकाऊ विकास ही प्रदेश को सम्पन्न व खुशहाल बनायेगा। आशा है कि यहां नागरिक अधिकारों की रक्षा होगी तथा समानता के रास्ते पर प्रदेश चलता रहेगा। नयी सरकार का स्वागत है। उसे सभी का सहयोग मिले।*

## सार-संक्षेप

### राशन दुकान के लिए आवेदन 20 तक

**बिलासपुर,** 12 दिसम्बर (देशबन्धु) ।मस्तूरी विकासखण्ड के राशन दुकान हिर्री क्रमांक 402002025 के संचालन के लिए इच्छुक समूह एवं संस्था निर्धारित प्रारूप में बंद लिफाफे में 20 दिसम्बर शाम 4 बजे तक कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा) मस्तुरी में आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। इसके पश्चात प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। शासकीय उचित मूल्य की दुकान के संचालन के लिए वृहदाकार आदिम जाति बहुदेशीय सहकारी समिति (लेम्पस), प्राथमिक कृषि साख समिति, वन सुरक्षा समिति, महिला स्व सहायता समूह, ग्राम पंचायत/स्थानीय नगरीय निकाय, अन्य उपभोक्ता सहकारी समिति एवं राज्य शासन द्वारा विनिर्दिष्ट उपक्रम के ही आवेदन स्वीकार किये जायेंगे। उचित मूल्य की दुकानों के आबंटन हेतु सहकारी समितियों एवं महिला स्व सहायता समूहों का आवेदन पत्र प्राप्त होने की तारीख से कम से कम 3 माह पूर्व पंजीकृत एवं कार्यरत हो तथा जिले सामाजिक–आर्थिक क्षेत्र में कार्य करने का अनुभव हो। आवेदन पत्र केवल संलग्न प्रारूप (परिशिष्ट–एक) में ही स्वीकार किया जायेगा। आवेदन बंद लिफाफे में देना है और बंद लिफाफे के ऊपर *''शास0 उ0 मू0 दुकान हिर्री–402002025 के संचालन हेतु आवेदन पत्र''लिखा होना चाहिए। आवेदन पत्र के साथ समिति या संस्था के पंजीयन की सत्यापित छायाप्रति, समिति एवं संस्था के सभी सदस्यों के नाम एवं पते की जानकारी, बैक खाता की प्रमाणित छायाप्रति एवं अंतिम 03 माह का स्टेटमेंट, शा.उ.मू. दुकान संचालन हेतु आवेदक समूह/समिति एवं पंचायत का इस उद्घोषणा के जारी होने के बाद की तिथि में पारित प्रस्ताव, समिति एवं संस्था के गत वर्ष के पंजीयन नवीनीकरण पावती की प्रमाणित प्रतिलिपि, आवेदन प्रस्तुत करने के दिनांक की स्थिति में आवेदक समिति/संस्था द्वारा किये जा रहे कार्यो की संपूर्ण जानकारी एवं निष्पादित हलफनामा या शपथ पत्र, समिति द्वारा अंतिम 03 पारित प्रस्तावों की स्व–प्रमाणित प्रतिलिपि संलग्न करना अनिवार्य होगा।

### निर्वाचन व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत करने 20 को प्रत्याशियों का प्रशिक्षण

**बिलासपुर,** 12 दिसम्बर (देशबन्धु) । विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों के लिए निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत करने के विषय में आवश्यक प्रशिक्षण का आयोजन 20 दिसम्बर को कलेक्ट्रेट परिसर के मंथन सभा कक्ष में किया जायेगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अवनीश शरण ने सभी अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण में उपस्थिति सुनिश्चित करने कहा है। चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों को निर्वाचन परिणाम आने के 30 दिन के अंदर जिला निर्वाचन अधिकारी के समक्ष अपने चुनाव संबंधित व्ययों का लेखा प्रस्तुत करना होता है। प्रत्याशियों द्वारा आमतौर पर शपथ पत्र एवं फॉर्म में विभिन्न प्रकार की त्रुटियां की जाती है। त्रुटि रहित निर्वाचन व्यय प्रस्तुत किये जाने के उद्देश्य से 20 दिसम्बर को प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। कोटा, तखतपुर एवं बिल्हा विधानसभा का प्रशिक्षण दोपहर 1 से 2 बजे तक और बिलासपुर, बेलतरा, मस्तुरी विधानसभा के प्रत्याशियों के लिए प्रशिक्षण दोपहर 2:15 से 3:15 तक आयोजित है। इस प्रशिक्षण में निर्वाचन व्यय संबंधी लेखा सही रूप से जमा करने के संबंध में आवश्यक जानकारी दी जायेगी। निर्वाचन व्यय लेखा दाखिल न करने, अपूर्ण रूप से दाखिल करने, निर्धारित तरीके से दाखिल न करने अथवा सही लेखा न दर्शाने के परिणामों के बारे में भी निर्वाचन आयोग के प्रावधानों के विषय में अभ्यर्थियों को जानकारी दी जायेगी। इस महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम में अभ्यर्थियों अथवा उनके अभिकर्ता की उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा दिये गये है।

### गाड़ियों में रेल यात्रियों को प्रदान की जाने वाली सुविधाओं की गुणवत्ता पर दिया जा रहा है विशेष ध्यान

**बिलासपुर,** 12 दिसम्बर ( देशबन्धु)। रेलवे प्रशासन सभी यात्रियों के लिए आरामदायक और सुखद यात्रा अनुभव प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। गाड़ियों में यात्रियों को प्रदान की जाने वाली सुविधाओं की गुणवत्ता को बेहतर से बेहतर करने हेतु नियमित रूप से निरीक्षण और अनियमितता पाये जाने पर तत्काल कार्रवाई की जाती है 7 यात्रियों से प्राप्त शिकायतों का भी त्वरित निराकरण किया जाता है।

लिनन के गंदे पाये जाने के शिकायतों को दूर करने हेतु मण्डल स्तर पर विभिन्न कार्य किये जा रहे हैं 7 मशीनीकृत लॉन्ड्री में अधिक कठोर सफाई प्रक्रिया लागू की गई है । पुराने व दाग वाले बेडशीट को अलग कर प्रभावी दाग हटाने को सुनिश्चित करने के लिए एक विशेष हाइपो ष्द्धद्गद्बद्धष्ठ्ठ्य का प्रयोग किया जा रहा है। लिनन की चमक और गुणवत्ता को सटीक रूप से मापने के लिए सफेदी मीटर का उपयोग किया जा रहा है 7 गुणवत्ता नियंत्रण उपायों को तेज करते हुये विभिन्न चरणों में रेलवे कर्मचारियों और अधिकारियों द्वारा आकस्मिक निरीक्षण किया जा रहा है । लांड्री में निरीक्षण के समय लिनन वितरण के दौरान कोच में अंतिम स्थान पर जांच किए जा रहे हैं। हमें पूर्ण विश्वास है कि इस कदम से रेलवे कोच में उपलब्ध लिनन की गुणवत्ता और बेहतर होगी जिससे यात्रियों को आरामदायक यात्रा की सुविधा मिलेगी ।

# दुर्घटना में घायलों की मदद करने वाले नेक इंसानों से मिलेंगी लोगों को प्रेरणा-एसपी

**बिलासपुर,**12 दिसंबर (देशबन्धु) । भारत में प्रतिवर्ष सड़क दुर्घटनाओं में लगभग डेढ़ लाख लोगों की मृत्यु होती है, जिसमें विशेष अन्य करण के अलावा घायलों को तत्काल चिकित्सा सुविधा न मिल पाना भी एक होती हैं इस स्थिति का संज्ञान लेते हुए माननीय उच्चतम न्यायालय ने सड़क दुर्घटना में घायलों को त्वरित चिकित्सा उपलब्ध कराने वाले व्यक्तियों को गुड सेमीरिटर्न अर्थात नेक इंसान की संज्ञा देते हुए, इन्हें प्रोत्साहित एवं पुरुस्कृत करने का आदेश जारी किया है ।



इस क्रम में आज बिलासपुर जिले के 07 गुड सेमीरिटर्नओं को पुलिस अधीक्षक कार्यालय बिलासपुर में पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह के हाथों सम्मानित एवं पुरष्कृत किया गया ।सम्मानित किए गए गुड सेमीरिटर्न में थाना– सीपत के दीपक पांडे, जिन्होंने होली के दिन दो पहिया वाहन से गिरने पर एक व्यक्ति को स्वयं 108 के माध्यम से अस्पताल दाखिल किया ।इसी प्रकार श्रीमती आरती कश्यप ने दिनांक 30/9/2023 को फरहद चौक के पास ट्रक से एक शिक्षिका के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से, घायल महिला को खून से लथपथ हालत में पहले सिम्स और फिर गंभीर स्थिति को देखते हुए,अपोलो अस्पताल में भर्ती किया ।इसी क्रम में ईश्वर यादव ने चकरभाठा बस्ती के पास घायल मोटरसाइकिल चालक को 112 बुलाकर अस्पताल भेजा ।तथा दिनांक 29/10/2022 को श्रीमती पायल लाथ के द्वारा एक सड़क दुर्घटना में घायल बुजुर्ग व्यक्ति को अपनी कार में लिटाकर अस्पताल भर्ती कराया औरसाहस का परिचय दिया ।दिनांक 09/02/2023 को ग्राम रलिया, थाना सीपत अंतर्गत ट्रैक्टर से मोटरसाइकिल के दुर्घटना होने से घायल को 108 में श्रीमती शैल सिदार ने अस्पताल लाकर भर्ती किया ।इसी प्रकार मयंक त्रिवेदी थाना चकरभाठा अंतर्गत दिनांक 11/11/2022 को ग्राम सेवार तालाब के पास मोटरसाइकिल से घायल होने पर घायल को 112 के माध्यम से अस्पताल भेजने में मदद की।

इस अवसर एस0पी0 बिलासपुर ने कहा – घायलों की मदद करने वालों के सम्मान से आम लोग भी प्रेरणा लेंगे तथा दुर्भाग्यवस दुर्घटना हो जाने की स्थिति में हमेशा घायल को तत्काल अस्पताल ले जाने में माहिती भूमिका निभाएंगे।

कार्यक्रम में यातायात बिलासपुर के डी0एस0पी0 संजय साहू, सब इंस्पेक्टर उमाशंकर पांडे,आरक्षक रोशन तथा भुवनेश्वर मरावी भी उपस्थित थे।

### पुलिस ने फिर की गुंडे-बदमाशों पर कार्रवाई

**बिलासपुर,**12 दिसंबर (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक संतोश कुमार सिंह भा.पु.से. के निर्देशानुसार व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेन्द्र जायसवाल के मार्गदर्शन में बिलासपुर जिला के शहरी थाना के 20 से अधिक निगरानी, गुण्डा बदमाश को सिविल लाइन थाना बिलासपुर में तलब कर उपस्थित कराया गया ।जिनको शहर में भयमुक्त वातावरण बनाने और शांति कायम रखने के उद्देश्य से किसी भी प्रकार के अवैध कार्य, मारपीट, झगडा, वाद विवाद व डराने धमकाने जैस कृत्य न करने हेतु सख्ती से हिदायत दिया गया । किसी भी प्रकार के गलत कामों से दूर रहने की हिदायत देकर रूखसत किया गया।

# 5 सूत्रीय मांगों को लेकर एनएसयूआई का हल्ला बोल

### अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय का किया घेराव, कुलपति को सौंपा ज्ञापन



**बिलासपुर,** 12 दिसंबर (देशबन्धु)। आज प्रदेश सचिव एनएसयूआई रंजेश सिंह के नेतृत्व में अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय कुलपति को निम्न मुद्दो को लेकर ज्ञापन सौपा यूजीसी के नियमो के अवहेलना करने वाले महाविद्यालय को प्राइवेट फॉर्म के पोर्टल से हटाने एवम फॉर्म भरने पर रोक लगाने हेतु ।रंजेश सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय ने कई बार नोटिस जारी किया, लेकिन कुछ महाविद्यालय को छोड़ कर अन्य किसी भी महाविद्यालय द्वारा धारा–28 के तहत शिक्षको की भर्ती नही कि गई है।

विश्वविद्यालय से ही संबंधित बिलासपुर शहर में ही स्थित शांति निकेतन नामक एक महाविद्यालय में पिछले कई सालों से प्राचार्य तक की न्युक्ति नही की गई है, जो पिछले 2 वर्ष से ही खाली है, जिसके स्थान पर कोई भी दूसरी भर्ती नही की गई है और ना ही एक भी धारा 28 के तहत शिक्षकों की भर्ती की गई है। 2. पीएनएस एवं आरडीएस महाविद्याल के साथ–साथ बीएलटी रतनपुर, द्रोणा महामाया एक्सीलेंसी महाविद्यालय का भी यही हाल है। पूर्व में भी इसकी शिकायत एनएसयूआई ने किया था।

जिसके बाद सिर्फ एनआरडी जैसे कुछ महाविद्यालय में शिक्षको की नियुक्ति की गई बाकी सभी महाविद्यालय का हाल अभी भी ज्यों का त्यों है ।3. नए और पुराने सभी महाविद्यालय का हाल ऐसा ही है रंजेश सिंह ने मांग किया ऐसे महाविद्यालय जो पढ़ाई की गुणवत्ता को समाप्त करने का काम कर रहे और शिक्षा को एकमात्र व्यापार का साधन बनाने का काम कर रहे है जिसके कारण लगातार खराब परिणाम आ रहे है जो इस ढप पड़ती शिक्षा व्यवस्था का खुद प्रमाण है ।4 ऐसे महाविद्यालय जो उचित मापदंड नहीं रखते हैं। उन सभी कार्रवाई की जाए। हाल ही में खुले सभी महाविद्यालय, जो नियमो को ताक पर रखने का काम कर रहे हैं, ऐसे सभी महाविद्यालय को प्राइवेट परीक्षा फॉर्म के पोर्टल से हटा कर उनपर प्राइवेट फॉर्म भरने पर रोक लगाई जाए। कृपया जल्द मामले को संज्ञान में लिया जाए, नहीं तो एनएसयूआई बड़ा आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी विश्वविधालय की होगी।

ज्ञापन सौंपते हुए छात्रनेता पुष्पराज साहू,प्रदीप सिंह, करन यादव,भूपेंद्र साहू, अवनीश पांडे,ओमप्रकाश मानिकपुरी,राजेंद्र पाली, जित्तू ठाकुर,बिट्टू पाठक,शुभम जयसवाल,अरुण साहू,आदित्य सोनकर,सागर लहरे, विक्की बनर्जी,पंकज सोनवानी,कृष्णकांत शर्मा, जेपी बंजारे आदि छात्र एवम छात्रनेता उपस्थित रहे।

# बिलासपुर पुलिस ने 80 लोगों को लौटाए मोबाइल

**बिलासपुर,**12 दिसंबर (देशबन्धु) । बिलासपुर जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रो में मोबाईल गुमने की शिकायत को गम्भीरता से लेते हुये पुलिस अधीक्षक बिलासपुर संतोष कुमार सिंह (भा.पु.से.) द्वारा गुम मोबाईल तलाश कर संबंधीतो को वापस करने के निर्देश दिये गये है। निर्देश के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) राजेन्द्र कुमार जायसवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्रीमती अर्चना झा, नगर पुलिस अधीक्षक सिविल लाईन संदीप पटेल (भा.पु.से.) नगर पुलिस अधीक्षक कोतवाली सुश्री पूजा कुमार (भा.पु.से.) के निर्देशन में ए.सी.सी.यू. बिलासपुर के अधिकारी कर्मचारीयो द्वारा खोज अभियान चलाकर छत्तीसगढ के विभिन्न जिलो सहित झारखण्ड, उडीसा एवं महराष्ट्र से कुल 80 नग मोबाईल बरामद किया गया जिसें आज पुलिस अधीक्षक संतोष सिह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेन्द्र जायसवाल एवं नगर पुलिस अधीक्षक सिविल लाईन संदीप पटेल द्वारा मोबाईल धारको को वापस प्रदान किया गया है। वापस किये गये मोबाईल की कीमत लगभग 15 लाख रू है।



गुमे हुये मोबाईलो वापस पाने की आस छोड चुके व्यक्तियो को जब उनका मोबाईल वापस किया गया तो वे लोग काफी खुश हुये और बिलासपुर पुलिस के इस अभियान की सराहना करते हुये पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह सहित सभी अधिकारी कर्मचारीयों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया गया। गुमा हुआ मोबाईल प्राप्त करने वाले अधिवक्ता गिरीश साहू ने बताया कि उनका मोबाईल वन प्लस कंपनी का था जिसे 33 हजार रू में खरीदा था जो करीब 04 माह पहले गुम गया था गुम हुये मोबाईल के खोज हेतु सायबर सेल बिलासपुर में आवेदन दिया था, उन्हे पुरा विश्वास था कि बिलासपुर पुलिस मोबाईल खोजकर उन्हे वापस करेगी ।आज मोबाइल वापस मिलने पर उनका विश्वास पुलिस के प्रति और बढ गया है। इसी प्रकार सागर पहाडीया, वी. चन्द्रशेखर, नीरज साहू, अशोक दास, सिद्धार्थ यादव,श्रीमती शिलबानो, श्रीमती गौरी यादव, फरदीन खान, श्रीमती संगीता कुशवाहा, तोखन चंद्राकर, श्रीमती विद्या नायर सहित उपस्थित सभी लोगो ने सायबर सेल बिलासपुर एवं बिलासपुर पुलिस का आभार व्यक्त किया है ।कार्यक्रम के दौरान सायबर एक्सपर्ट उप निरीक्षक प्रभाकर तिवारी द्वारा वर्तमान में प्रचलित सायबर ठगी के नये प्रारूप सेक्सटार्सन (वीडियो कॉलिंग के माध्यम से), वॉट्सएप की डी.पी. बदलकर ठगी करने, बिटकॉईन, टुरिजम प्लॉन के नाम पर, कस्टमर केयर के नाम पर, ऑनलाईन लोन एप व अन्य तरीको से किये जाने वाले अद्यतन ठगी के बारे में जानकारी एवं बचने के उपाय साझा किये गये ।गुम हुये मोबाईल खोज अभियान में ए.सी.सी.यू. बिलासपुर प्रभारी उप निरीक्षक कृष्णा साहू, उप निरीक्षक प्रभाकर तिवारी, स.उ.नि. सोमनाथ यादव प्र.आर. देवमुन पुहुप, बलबीर सिहं, आरक्षक तरूण केशरवानी, विरेन्द्र गंधर्व, निखील रॉव, प्रशांत सिंह, प्रशांत राठौर, तदबीर सिंह, सत्या पाटले, सरफराज खान, विकास राम, मुकेश वर्मा, राकेश बंजारे, सतीश भारद्वाज, नवीन एक्का, सकुन्तला साहु व ए.सी.सी.यू. की सम्पूर्ण टीम की महत्वपुर्ण भूमिका रही। उल्लेखनीय है कि बिलासपुर पुलिस द्वारा वर्ष 2023 में गुमे हुये 500 मोबाईल संबंधीत मोबाईल मालिको को वापस किया गया है, जिसका अनुमानित मुल्य लगभग 1 करोड रू है । गुम हुये मोबाईल खोज का अभियान लगातार जारी रहेगा।



श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री
भारत सरकार

छत्तीसगढ़ शासन

# हमने बनाया है
# हम ही संवारेंगे



श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

# छत्तीसगढ़ के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की
# गारंटी

## तेंदूपत्ता संग्रहण दर एवं बोनस

- हम प्रदेश में तेंदूपत्ता का संग्रहण ₹ 5,500 प्रति मानक बोरा में करेंगे।
- वर्तमान संग्रहण अवधि में 15 दिनों की बढ़ोतरी की जाएगी।
- इसके अतिरिक्त संग्राहकों को ₹ 4,500 तक बोनस, चरणपादुका एवं अन्य सुविधाएँ पुनः प्रदान की जाएंगी।

## श्रीरामलला दर्शन

हम प्रदेशवासियों को हमारे आस्था के प्रतीक प्रभु श्रीरामलला के दर्शन कराने हेतु अयोध्या लेकर जाएंगे।

## दीनदयाल उपाध्याय कृषि मजदूर कल्याण योजना

हम 'दीनदयाल उपाध्याय कृषि मजदूर कल्याण योजना' की शुरुआत कर प्रत्येक भूमिहीन खेतिहर मजदूर को हर साल 10,000 की आर्थिक सहायता प्रदान करेंगे।

## रिक्त शासकीय पदों पर भर्ती

हम प्रदेश के 1 लाख रिक्त शासकीय पदों पर समयबद्ध एवं पारदर्शी रूप से भर्ती सुनिश्चित करेंगे।

## 500 में सिलेंडर

हम गरीब परिवारों की महिलाओं को 500 में गैस सिलेंडर प्रदान करेंगे, इससे महिलाओं को अपनी गृहस्थी चलाने में मदद मिलेगी।

# संकल्प निभाएंगे
# समृद्ध छत्तीसगढ़ बनाएंगे...

**सबका साथ - सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास**

छत्तीसगढ़ जनसंपर्क

प्रकाशक मुद्रक एवं सम्पादक– राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन, प्रा.लि. के लिए पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. प्रेस में मुद्रित एवं गर्ल्स कॉलेज के पास, जरहाभाटा, बिलासपुर से प्रकाशित। प्रेस पंजीयन– 52158/91 डाक पंजीयन 112–002/2002 सी जी फोन– 07752 422771, 428159 फैक्स नं. 415188